26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 22 अप्रैल, 2026

अंक- 177 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# ट्रंप ने युद्धविराम बढ़ाया

## ईरान पर हमले को टाला

वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि अमेरिका ने ईरान के साथ जारी युद्ध में युद्धविराम की अवधि बढ़ा दी है और प्रस्तावित सैन्य हमले को फिलहाल टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस द्वारा भारतीय समयानुसार देर रात के बाद जारी बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तान के नेतृत्व की अपील पर ईरान पर नियोजित सैन्य हमले को स्थगित करने और युद्धविराम को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि ईरान के भीतर गंभीर रूप से विभाजित स्थिति को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, जिससे ईरान की ओर से एकजुट बातचीत की स्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। बयान के अनुसार, युद्धविराम बढ़ाने का अनुरोध पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने किया था।

!! ऊँ शांति!!

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

!! ऊँ शांति!!

## शोक संवेदना-पत्र



श्रीमती राजकली देवी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती राजकली देवी**

**धर्मपत्नी स्व. श्री रामचरण सिंह एड.**

का स्वर्गवास दिनांक 12 अप्रैल 2026, रविवार को गया है। जिनकी आत्मा की शांति हेतु शांति सभा दिनांक 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार को सुनिश्चित की गई है।

**प्रार्थना स्थलः- स्वयंवर बैंक्वेट हॉल, किरतपुर रोड, बिजनौर**

दिनांक : 24 अप्रैल 2026, शुक्रवार

ब्रह्मभोजः- अपरान्ह 12:00 बजे, शांति सभाः- अपरान्ह 2:00 बजे

**डॉ. विजय कुमार राणा** (श्री राम अस्पताल, बिजनौर)

**एड. विनय कुमार राणा, राजीव** (मेट्रो निदेशक)

**एड. अभिषेक राणा, संजीव, नवीन**

एवं समस्त शोकाकुल परिवार (स्वाहेड़ी वाले) मो. 8533803333

# श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी

## श्री केदारनाथ के कपाट खुले पूर्ण विधि-विधान के साथ

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बने कपाट खुलने के दिव्य क्षणों के साक्षी



-एसपी अरोड़ा

**केदारनाथ ( चिंगारी )।** श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज बुधवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में कपाट खुलते ही पूरा धाम 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री केदार' के उद्घोष से गूंज उठा।

धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गई।

इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे और उन्होंने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेश एवं देश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। सिख रेजीमेंट के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच कपाट उद्घाटन का यह दिव्य क्षण और भी अलौकिक बन गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केदारनाथ धाम न केवल सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि यह भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा हर वर्ष नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है और इस वर्ष भी बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा ऐतिहासिक होगी।

#### मुख्यमंत्री ने की अपील

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने सभी उत्तराखंडवासियों से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के प्रति सेवा और आतिथ्य भाव बनाए रखने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को बाबा केदारनाथ का अनन्य भक्त बताते हुए कहा कि वर्ष 2013 की




आपदा के बाद उनके मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम का भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण हुआ है, जो आज विश्वभर के श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है।

#### फूलों से सजा बाबा केदार का धाम

भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर, उखीमठ से गुप्तकाशी, फाटा और गौरीकुंड होते हुए कल शाम ही धाम पहुंच चुकी थी। इसी क्रम में कपाट खुलने की प्रक्रिया आज प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हुई। इसके बाद प्रातः 8 बजे रावल भीमाशंकर लिंग, पुजारी टी गंगाधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती सहित धर्माचार्यों एवं वेदपाठियों ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर विधिवत पूजा-अर्चना की। देव आवाहन एवं लोककल्याण के संकल्प के साथ ठीक 8 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। कपाट उद्घाटन के अवसर पर श्री केदारनाथ मंदिर को 51 क्विंटल से अधिक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। कपाट खुलते ही हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### हर-हर महादेव, जय श्री केदार के उद्घोष से प्रफुल्लित हुई बाबा केदार की नगरी



#### ये रहे मौजूद

कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## नशे में बाइक चला रहे युवक बाइक सहित गड्ढे में गिरे, गंभीर घायल

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** रवाना शिकारपुर रोड पर बिना हैलमेट नशे में बाइक चला रहे तीन बाइक सवार युवक बाइक सहित गहरे गड्ढे में जा गिरे। तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रैफर किया गया है। ताजपुर के मौहल्ला सैनी धर्मोंशाल निवासी जौनी कुमार 30 वर्ष मौहल्ला संतोषी माता मंदिर निवासी रवि कुमार व राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जौनी कुमार का कान, सिर व पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, रवि व राजकुमार भी गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों को ताजपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए मुरादाबाद के कोसमौस अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस व राहगीरों की मदद से तीनों को गहरे गड्ढे में से निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया है कि तीनों बाइक सवार युवक शराब पीकर बाइक चला रहे थे। तेज रफ्तार होने की वजह से बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 22 अप्रैल, 2026

# आतंक के आगे भारत कभी नहीं झुकेगा- पीएम मोदी

## पहलगाम हमले की बरसी पर प्रधानमंत्री ने जान गंवाने वाले निर्दोषों को याद किया

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावुक संदेश साझा करते हुए उन निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई थी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि इस भयावह हमले में जान गंवाने वाले लोगों को कभी भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति भी गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत किसी भी प्रकार के आतंकवाद के सामने झुकने वाला नहीं है। उन्होंने दोहराया कि आतंकियों की साजिशें कभी सफल नहीं होंगी और देश पूरी मजबूती से उनका सामना करेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में श्रद्धांजलि स्थल स्थापित किया गया है, जो 22 अप्रैल 2025 को बैसरन में हुए दर्दनाक आतंकी हमले में जान गंवाने वाले 26 लोगों की याद को समर्पित है। यह स्मारक उन मासूम जिंदगियों की याद दिलाता है, जिन्हें इस भयावह घटना में खो दिया गया था। स्थानीय प्रशासन और नागरिकों ने मिलकर इस



स्थान को श्रद्धा और स्मृति का प्रतीक बनाया है, जहां लोग आकर शहीदों को नमन कर सकें और उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी पहलगाम में हुए आतंकी हमले की बरसी पर जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को हुए इस कायरतापूर्ण हमले में जिन निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई, उन्हें देश कभी नहीं भूल सकता।

# पिता ने सोते समय बेटी को गला दबाकर मार डाला!

## नगीना के ग्राम बिंजाहेड़ी की घटना

नगीना (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम बिंजाहेड़ी में एक पिता पर अपनी नाबालिग बेटी की गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी पिता को हिरासत में लेकर लड़की का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। सीओ राजेश कुमार का कहना है कि पीएम की रिपोर्ट से मृत्यु का सही कारण पता चलेगा। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बिंजाहेड़ी निवासी नजाकत दिल्ली में बेकरी पर काम करता है। फिलहाल वह गांव आया हुआ था। आरोप आज तड़के 4 बजे उसने अपनी नाबालिग बेटी आयशा (17 वर्ष) की गला दबाकर हत्या कर दी। नजाकत के 5 लड़की व एक लड़का है। आयशा सबसे बड़ी थी। उसने हाईस्कूल किया था। चर्चा है कि आयशा का गांव के ही अपने ही सम्प्रदाय के किसी युवक के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिससे परिवारवाले नाराज थे। समझा जाता है कि इसी के चलते नजाकत ने घटना को अंजाम दिया।

## सूचना

मेरा पुत्र गौतम राजपूत मेरे कहने से बाहर हो गया है। अत: मैं उससे अपने सभी प्रकार के सम्बंध खत्म करता हूं। मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर भी उसका कोई अधिकार नहीं होगा। उसके द्वारा किये गये कार्यों व लेनदेन के प्रति मैं अथवा मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-उमेश कुमार पुत्र भारत सिंह ग्राम सुल्तानपुर सादात, थाना किरतपुर, जिला बिजनौर**

## खरगे के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को यहां चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को लेकर शिकायत की तथा उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में श्री रिजिजू के अलावा केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और श्री ओम पाठक और कई अन्य नेता शामिल थे।












**भली लगे या बुरी ...**

# बढ़ते यौन अपराध और समाज

सरकार भले ही महिलाओं के प्रति अपराधों के मामले में जीरो टॉलरेंस का दावा बढ़-चढ़कर करती हो, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि महिला उत्पीड़न थामे नहीं थम रहा है। यौन अपराधों से आये दिन अखबार रंगे रहते हैं और इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया भरा रहता है। बलात्कार की घटनाएं सभ्य समाज के मुंह पर किसी तमाचे से कम नहीं है। लेकिन शिक्षा के प्रचार-प्रसार और विकास के नित नये आयाम स्थापित होने के बावजूद महिला उत्पीड़न और दुष्कर्म के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे। अपराधियों को अदालतों से तथा अदालतों के बाहर भी सजा मिल रही है, योगी सरकार के ऑप्रेशन लंगड़ा के तहत कई की टांग में गोली भी लग चुकी है। मगर घटनाएं फिर भी थम नहीं रहीं। जाहिर है कि देश ने विकास की बुलंदियां चाहे जितनी देखी हों, मगर समाज की सोच और संस्कार के स्तर पर ज्यादा कुछ नहीं बदला है। पिछली सदी के आठवें दशक के अन्तिम वर्षों में रंगा-बिल्ला कांड ने राजधानी दिल्ली को हिला कर रख दिया था। तब से यह सिलसिला लगातार चला आ रहा है। बलात्कार सम्बन्धी घटनाओं पर आये दिन चर्चाएं होती हैं और बात आई-गई हो जाती है। इसके चलते इस समय भी दिल्ली में बलात्कार की दर देश में सर्वाधिक है और एनसीआरबी के अनुसार वहां विछले वर्ष ही ऐसी 572 घटनाएं हुईं।

महिला उत्पीड़न के तमाम मामलों को समग्रता में देखना जरूरी हो जाता है। बलात्कार हो या कथित जातीय सम्मान के नाम पर युवा दम्पतियों/बच्चों की हत्यायें, घरेलू हिंसा हो या उनके प्रति अन्य तरह के अपराध, इन सभी को एक ही श्रेणी में रखा जाना चाहिए। सच तो यह है कि 'आधी दुनिया' पर नैतिकता और सम्मान के नाम पर कुछ भी थोपा जाना गलत है। वह पुरुष और स्त्री दोनों के लिए समान है और अब 21वीं सदी में उन्हें अपने फैसले आप लेने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। दरअसल, यह एक संक्रमणकालीन दौर है और यदि सरकारें वास्तव में इन पर नियंत्रण की ठान लें तो भी यथाशीघ्र नियंत्रण बिल्कुल असंभव नहीं है। न केवल कानून में तत्काल कड़ी से कड़ी सजा के प्रावधान होने चाहिए बल्कि समाज को दिशाहीनता और वैचारिक शून्यता की ओर ढकेलने की कार्पोरेट कोशिशों पर भी रोक लगनी चाहिए।

आज का बाजारवाद भी आधी दुनिया की आजादी की बात चाहे जितनी कर रहा हो, उसके लिए उसका महत्व किसी 'आइटम' से अधिक नहीं है। वह लगभग हर विज्ञापन में जब उसे परोसता है तो महिला अस्मिता का सम्मान नहीं करता बल्कि उसे इसी रूप में देखता है। ऐसे भी अवसरों की कमी नहीं है, जब वह उसकी शालीन पहचान को भदेस ढंग से प्रस्तुत करता है और शारीरिक सौंदर्य तक ही उसकी सारी क्षमताओं को बांधने की कोशिश करता है।

# यूडीएफ व एलडीएफ का भविष्य भाजपा पर टिका

पांच राज्यों के हो रहे विधानसभा चुनाव में असम व केरलम के लिए 9 अप्रैल को वोट डाला जा चुका है। इन पांच राज्यों में से सिर्फ कांग्रेस दो राज्यों में ही सीधे लड़ाई में थी, एक असम, दूसरा केरलम, अन्य तीन राज्यों में उसके करने के लिए ज्यादा कुछ है नहीं। असम की अगली सरकार के लिए यह मानकर चला जा रहा है कि तीसरी बार भाजपा आसानी से सरकार बना लेगी। रह-सहकर केरलम बचा, केरलम में पिछली बार एलडीएफ ने उसके मनसुबों पर पानी फेरकर दूसरी बार सरकार बना ली थी, जो एक बड़ी बात थी अन्यथा राज्य में एक बार यूडीएफ तो दूसरी बार एलडीएफ की सरकार बनती आयी है।

अब स्थिति यह है कि कांग्रेस ये मानकर चल रही है की केरलम में उसकी सरकार आयेगी। कांग्रेस की लीडरशिप की सोच है कि विगत दस वर्ष के शासन से जनता में पिनरई विजयन सरकार के विरुद्ध एन्टी इनकैबंसी बहुत बढ़ी है और जनता का मोहभंग हो गया है और राज्य में उसके अलावा कोई विकल्प नहीं है।

केरल के पिछले चार चुनाव परिणाम देखें तो विधानसभा चुनाव 2016 व 2021 एलडीएफ ने बड़ी जीत हासिल की, जबकि लोकसभा चुनाव 2019 व 2024 में यूडीएफ ने एक तरफा स्वीप किया। इस बीच केरलम की राजनीति में एक ओर परिवर्तन आना शुरू हुआ कि भाजपा ने भी अपना विस्तार किया और वह भी तीसरे प्लेयर के रूप में उभरी है। 2016 एक विधानसभा सीट, 2024 में एक लोकसभा सीट और हाल ही में तिरूवनंतपुरम में महापौर बनाने में कामयाब रही। भले ही उसे बड़ी कामयाबी न मिली हो, परन्तु अपना वोट शेयर 15 प्रतिशत से अधिक पहुंचाने में कामयाब रही। इसलिए 2026 का चुनाव पिछले चुनावों से थोड़ा भिन्न है। भाजपा सरकार भले ही सरकार बनाने की दोड़ में शामिल न हो, पर वो दोनों गठबंधन का खेल बिगाड़ सकती है।




वो कैसे इसे जानने के लिए दोनों गठबंधन के कौर वोट को समझना जरूरी है। इस बार दो मोर्चों युडीएफ व एलडीएफ के अतिरिक्त तीसरा मोर्चा भाजपा का भी है, जिसमें लगभग 28 क्षेत्रीय दल हैं।

चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस एलडीएफ पर आरोप लगाती रही कि उनका भाजपा से समझौता है, वहीं भाजपा ने इन आरोपों को नकारते हुए कांग्रेस पर पल-पल किया कि भाजपा का नहीं कांग्रेस का पूरे देश में कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता है दोनों दल इंडी एलायंस में शामिल हैं।

एलडीएफ के पिनरई विजयन को 2016 व 2021 सत्ता में लाने में राज्य के हिन्दू वोटर का बहुत बड़ा योगदान रहा था, जिनकी आबादी राज्य में 50 प्रतिशत से अधिक है। इन दोनों चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से भी कम हिन्दुओं का वोट प्राप्त हुआ। राज्य में कांग्रेस का मुख्य वोट मुस्लिम व ईसाई वर्ग है, जो 70-80 प्रतिशत मुस्लिम लीग की वजह से यूडीएफ को जाता है। इसी प्रकार ईसाई वोट भी यूडीएफ का कोर वोट है। एलडीएफ को ईसाई व मुस्लिम वोट काफी कम मिला।

जिस चुनाव को कांग्रेस आसानी से जीता हुआ मान रही थी, वह चुनाव भी अब फंसता हुआ दिखाई दे रहा है, उसकी वजह भाजपा का उभार तो है ही जो हिन्दू वोट में अपनी पेठ बढ़ा रही है, साथ ही ईसाई वर्ग में भी थोड़ा स्पेश बना रही है, क्योंकि लव जेहाद व जबरन धर्म परिवर्तन का शिकार हिन्दू व ईसाई धर्म दोनों की लड़कियां हो रही हैं।

केरलम विधानसभा चुनाव यूडीएफ और एलडीएफ के बीच बराबर टक्कर दिखाई दी। इसका फैसला तो आने वाली चार मई को होगा, यदि एलडीएफ को छोड़कर हिन्दू वोट भाजपा को ओर बीस से पच्चीस-प्रतिशत भी डायवर्ट हो जाता है तो यूडीएफ की सरकार बनने के चांस बढ़ जायेंगे। यदि भाजपा हिन्दू वोट के साथ-साथ ईसाई वोट में भी सेंध लगाती है तो एलडीएफ की सरकार बन सकती है। वैसे केरलम में कांग्रेस नेताओं की फूट भी एलडीएफ को मजबूत कर सकती है। लेकिन दोनों गठबंधनों का भविष्य भाजपा पर ही टिका है वो कितने वोट किस समुदाय के पाती है। इस चुनाव में ये निश्चित है कि सरकार किसी की भी बने, परन्तु भाजपा अब तक का श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

**▶▶योगी, बिजनौर**

# महिलाओं ने फूंका कांग्रेस व सपा का पुतला




**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के कथित महिला विरोधी रवैये के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। हाल ही में महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा किए गए विरोध के चलते महिलाओं ने कांग्रेस व सपा का पुतला फूंका। इस विरोध प्रदर्शन में विशेष रूप से महिला कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और दोनों दलों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि जहां एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर राजनीति कर रही हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा रोबिन चौधरी ने कहा कि यह बिल महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए है, और भविष्य में भी ऐसे महिला विरोधी कदमों के खिलाफ आवाज उठाई जाती रहेगी। इस अवसर पर लीना सिंघल, रजनी कालरा, माया पाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनिका यादव, रचना पाल, संजू प्रधान, प्रतीका राठी, विनीत चौधरी, सुधांशु काकरान आदि महिलाएं मौजूद थी।

# शादीशुदा प्रेमी ने शादी के लिये प्रेमिका को मौत के घाट उतारा

## खुद को भी चाकू मारकर घायल किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** कांशीराम कॉलोनी रामलीला में कल उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक ने अपनी कथित प्रेमिका की चाकू से गोदकर नृशंस हत्या कर दी। बाद में युवक ने खुद को भी चाकू मार लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है।


कशिश का फाइल फोटो

मंगलवार को कांशीराम कॉलोनी के ब्लाक 55 के मकान संख्या 656 निवासी जाकिर की पुत्री कशिश (18 वर्ष) फ्लैट में अकेली थी। उसकी मां शाहीन अपनी छोटी बेटी नमीरा को लेने 11 वर्षीय बेटे अरहम के साथ अंबाला गई हुई थी, जबकि पिता जाकिर जो निजी बस पर ड्राइवर है, बस लेकर दिल्ली गया हुआ था। इसी दौरान गोकुलपुर निवासी राहुल नामक युवक शाम को करीब चार बजे फ्लैट में घुस गया और चाकू से कशिश पर ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। कशिश की चीख सुनकर कॉलोनीवासी मौके पर पहुंचे तो राहुल ने खुद को फ्लैट के अंदर बंद कर लिया और खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। दरवाजा तोड़कर लोग अंदर पहुंचे तो देखा कशिश लहूलुहान हालत में फर्श पर पड़ी थी और राहुल ने उसकी गर्दन दबा रखी थी। राहुल के भी सीने से खून बह रहा था। सूचना मिलने पर सीओ सिटी संग्राम सिंह व शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसे और कशिश को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने कशिश को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद कॉलोनी में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर हालात को काबू में किया।


घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती आरोपी

### लिव इन रिलेशनशिप में थे- एसपी

एसपी अभिषेक झा ने बताया कि राहुल और कशिश का चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में थे। किसी बात को लेकर दोनों में मनमुटाव हुआ, जिस पर राहुल ने घटना को अंजाम दिया। उधर राहुल ने भी कहा कि उसके कशिश से चार साल से प्रेम संबंध थे। उसने कशिश पर काफी पैसा खर्च किया था, वह कशिश से शादी करना चाहता था, लेकिन कशिश इंकार कर रही थी।

### दो माह बाद होनी थी कशिश की शादी

कालोनी के लोगों ने बताया कि कशिश का रिश्ता तय हो गया था। दो माह बाद उसकी शादी थी। राहुल उस पर शादी करने के लिये दबाव बना रहा था। मना करने पर उसने कशिश को जान से मारने की धमकी दी थी। कशिश राहुल से किनारा करने लगी थी, लेकिन राहुल उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था।

### छह माह पूर्व कशिश को भगा ले गया था राहुल

**जानकारी के मुताबिक राहुल छह माह पहले कशिश को भगाकर ले गया था। तब कशिश की मां ने राहुल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उस समय कशिश नाबालिग थी। पुलिस ने राहुल को पॉक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा था। बताया जाता है कि कशिश तब जेल में राहुल से मिलने जाती थी। 21 दिसम्बर 2025 को राहुल जमानत पर छूटा था। इसके बाद दोनों लगातार मिलते रहे।**

### बड़े भाई की मौत के बाद उसकी पत्नी से हुई थी राहुल की शादी

राहुल ग्राम गोकलपुर का निवासी है। राहुल के बड़े भाई की छह साल पहले मौत हो गई थी। बाद में बड़े भाई की पत्नी की शादी उससे (राहुल) कर दी गई थी। उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ गांव में रहती है। बताया जाता है कि राहुल डेढ़ साल से अपने घर नहीं गया है।

# सैकड़ों किसानों ने ली भाकियू-अ की सदस्यता



**बिजनौर (चिंगारी)।** मुबारकपुर तालन में किसान यूनियन अराजनैतिक की एक सदस्यता अभियान की बैठक संपन्न हुई। संचालन प्रधान पद के प्रत्याशी मोहम्मद आबिद ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह, शंकर सिंह और जमाल अहमद, व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नईम अहमद उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने कहा कि वह हर समय किसान भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। किसी भी किसान का उत्पीड़न नहीं होने देंगे। व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि वह किसानों के साथ हैं। लगभग 50 प्रतिशत व्यापारी किसान परिवारों से जुडे हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष नितिन सिरोही ने सैकड़ों किसानों को संगठन से जोड़ा गया एवं उन्हें सदस्यता दिलायी। सदस्यता लेने वालों में मो.आबिद, दिलशाद, इस्तेखार, इमरान, शुएब, जितेन्द्र, भूपेंद्र, इश्तियाक, अफ़ज़ाल, शमशीद, इरशाद अहमद, रामपाल सिंह, उमेश चौधरी, सलीम इश्तिखार, जमाल प्रधान, नफीस, जितेन्द्र, नवेद, फ़राज़, शुएब, फैसल, इदरीस, सरफराज, इस्लामुददीन, नौशाद, नासिर, सलीम, कलवा खां, जुल्फुकार, मोनू सौरव, अंकित, शमीम, ओमप्रकाश, मनोज, बिजेंद्र, अंकुश, राहुल, मुन्नू, निसार, गफ्फार, रहमान, गुलशन, तस्लीम, अदनान, रिहान आदि मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों के चुनाव कराने की मांग

## जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर देरी और अनिश्चितता के बीच राष्ट्र अधिकार संघ ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए समयबद्ध चुनाव कराने की मांग तेज कर दी है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष अंकित गुर्जर ने नागरिकों के एक समूह के साथ जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर चुनाव प्रक्रिया को शीघ्र शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य में पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त होगा। अब तक चुनाव की तिथि और कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। इसे संविधान के अनुच्छेद 243 ई और 243 के की भावना के विपरीत बताया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया गया है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तिथि बार-बार बदली जा रही है और आचार संहिता से जुड़े नियमों के पालन में भी देरी हो रही है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता प्रभावित हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि पंचायत चुनाव का कार्यक्रम जल्द घोषित किया जाए, राज्य निर्वाचन आयोग की स्थिति स्पष्ट की जाए और संविधान के अनुरूप समयबद्ध चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में कानूनी कदम उठाने के लिए बाध्य होंगे।

# कम नहीं हो रही तालिब बंधुओं की मुसीबत

## बाउंड्री पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**बिजनौर (चिंगारी)।** तालिब बंधुओं की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। मंगलवार को प्रशासन ने गंज रोड स्थित उनकी आराजी की बाउंड्री पर बुलडोजर चला दिया। आरोप है कि तालिब बंधुओं ने गंज रोड पैरिस गार्डन के सामने रास्ते पर कब्जा कर रखा था। अवैध कब्जे को हटाकर रास्ते को कब्जामुक्त करा दिया गया है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, चांदपुर रोड स्थित गाटा संख्या 3264/1 (0.0480 हेक्टेयर) और गाटा संख्या 3209 (0.1140 हेक्टेयर) चकबंदी अभिलेख में रास्ते के रूप में दर्ज है। विभाग द्वारा कराई गई पैमाइश में पाया गया कि गाटा संख्या 3263 के स्वामी खालिद पुत्र ताहिर हुसैन ने अपनी भूमि पर बाउंड्री करने के दौरान रास्ते की जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। जांच में सामने आया कि गाटा संख्या 3264/1 पर करीब 304 वर्ग मीटर तथा गाटा संख्या 3209 पर लगभग 154 मीटर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण किया गया था। इसके अलावा गाटा संख्या 3207 और 3208 की बाउंड्री के दौरान भी रास्ते पर कब्जा पाया गया। इस पर चकबंदी और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटवा दिया। अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक रास्तों पर कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

बता दें कि पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के साथ आरामशीन पर हुए विवाद में तालिब बंधु जेल में बंद हैं। उनकी जमानत अर्जी पर कल 23 अप्रैल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई होनी है। एक अप्रैल को हुए विवाद के बाद से तालिब बंधु लगातार जेल में हैं। 25 जुलाई 2025 को भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रॉबिन चौधरी के साथ हुए झगड़े के बाद तालिब बंधुओं पर आफत टूट पड़ी। इस मामले में उन्हें पहले भी जेल जाना पड़ा था। उधर, तब से लगातार उनके विरुद्ध प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जा रही है। उनके स्टोन क्रेशर और आरामशीन सीज कर दिये गये हैं। साथ ही शस्त्र लाइसेंस निलम्बित किये जा चुके हैं।

# इस रास्ते जाओ या उस रास्ते से जाओ हर रास्ते पर जाम ही जाम लगा पाओ

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिया गया शिकायती-पत्र



**धामपुर (चिंगारी)।** नगर में लगातार बढ़ती जाम की समस्या, अवैध अतिक्रमण और डग्गामार वाहनों के संचालन को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता खूब सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय को शिकायत पत्र सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता खूब सिंह, निवासी ग्राम मकसूदाबाद, थाना अफजलगढ़ ने नगर धामपुर की यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए बताया कि धामपुर नगर में आर.एस.एम. तिराहा (महाराणा प्रताप चौक) से लेकर नगीना चौराहा तक रोजाना भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में दुर्गा विहार कॉलोनी से लेकर राजपूताना रिसोर्ट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य जारी है, लेकिन इसके बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है, जो प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करती है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि शेरकोट चुंगी, पुराना धामपुर चुंगी और नगीना चौराहा जाम के स्थायी केंद्र बन चुके हैं। सड़क चौड़ी होने के बावजूद किनारों पर अवैध रूप से डग्गामार वाहन, थ्री-व्हीलर स्टैंड, ठेले और अन्य अस्थायी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमा लिया है। कई स्थानों पर निर्माण कार्य में लगी जेसीबी मशीनें, निर्माण सामग्री और अन्य सामान सड़क पर रख दिये जाने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है। इसके अलावा शेरकोट चुंगी क्षेत्र में स्थित अस्पतालों के बाहर पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मरीजों के तीमारदार अपने वाहन सड़क पर खड़े कर देते हैं, जिससे जाम की समस्या और गंभीर हो जाती है। यह स्थिति आपातकालीन सेवाओं के लिए भी खतरा पैदा कर रही है।

नगीना चौराहा स्थित जिला सहकारी बैंक के पास कुछ थ्री-व्हीलर चालकों द्वारा अवैध रूप से स्टैंड बनाकर वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जो यातायात व्यवस्था में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने इसे पूरी तरह गैरकानूनी बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

खूब सिंह ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि नगर के सभी जाम प्रभावित क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए, अवैध डग्गामार वाहनों और थ्री-व्हीलर स्टैंड को हटाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही अस्पतालों को अपनी निजी पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं और यातायात पुलिस की स्थायी तैनाती कर जाम की समस्या पर नियंत्रण किया जाए।

उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि इस गंभीर जनसमस्या पर त्वरित और सख्त कदम उठाए जाएंगे, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## करणी समाज का किया अपमान पुलिस ने किया उसका चालान

**धामपुर (चिंगारी)।** करणी समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। ग्राम जीतनपुर थाना धामपुर निवासी राजन पुत्र हरपाल सिंह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करणी समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई थी इसके संबंध में थाना धामपुर में धारा 352 के अंतर्गत एनसीआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार करने वाले वालों में प्रदीप कुमार उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# एम्स ऋषिकेश का कल होगा छठा दीक्षान्त समारोह

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (एम्स) ऋषिकेश में कल 23 अप्रैल गुरुवार को छठा दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के उप-राष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। साथ ही, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि एवं श्रीमती अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक भारत सरकार के रूप में उपस्थित रहेंगे। एम्स परिसर में समारोह को लेकर कार्यकारी निदेशक एम्स प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह एवं डीन एकेडमिक प्रो. डॉ. सौरभ वार्ष्णेय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह दीक्षांत समारोह न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि देश को समर्पित, सक्षम एवं नैतिक स्वास्थ्य पेशेवरों के निर्माण की दिशा में एम्स ऋषिकेश की प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि छठवें दीक्षांत समारोह में संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 386 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कुल 23 पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 13 स्वर्ण, 5 रजत एवं 5 कांस्य पदक शामिल हैं।

# कॉलेज में मनाया गया पृथ्वी दिवस



**चांदपुर (चिंगारी)।** एमएम इंटर कॉलेज चांदपुर में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का अयोजन किया गया प्रधानाचार्य इशरत जमाल आरिफ, उप प्रधानाचार्य सय्यद बिलाल अकबर के दिशा निर्देशन में छात्रों को पृथ्वी दिवस के संबंध में पृथ्वी के संरक्षण और महत्व की जानकारी देते हुए बताया गया कि पृथ्वी हमारी जीवनदायिनी है। यही वह ग्रह है जहां हमें वायु, जल, भोजन और आश्रय मिलता है। लेकिन आज बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि समय रहते हमने इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असुरक्षित और संकटग्रस्त वातावरण विरासत में मिलेगा। पृथ्वी के संरक्षण का अर्थ है , प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित और जिम्मेदार उपयोग। हमें पेड़-पौधे लगाने, जल की बचत करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के स्रोतों को अपनाने की आवश्यकता है। हर वर्ष 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए प्रेरित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी केवल हमारी नहीं, बल्कि सभी जीवों की साझा धरोहर है, जिसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में फिरोज अहमद, तय्यब हसन खान, सुलेमान सिद्दीकी, रिजवान बारी, मौहम्मद अय्यूब आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# शुगर मिल उपाध्यक्ष ने खेतों का दौरा किया फसल और पेडी प्रबंधन का जायजा लिया



खेत का निरीक्षण करते हुए युनिट हैंड।

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, विभागध्यक्ष गन्ना विकास करुण अग्रवाल ने मिल गेट क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने गांव नंगला का दौरा कर किसान यशवंत सिंह के गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया। उन्होंने फसल की स्थिति और पेडी प्रबंधन गतिविधियों का जायजा लिया। टॉप बोरर की समस्या को देखते हुए, किसानों को तुरंत गन्ने के पोगे को काटने और सीटीपीआर की ड्रेन्चिंग करने का सुझाव दिया। इसके बाद गांव सरकड़ा चकराजमल, सराय (हरियाणा), बुआपुर और बख्शनपुर का भी दौरा किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) मनोज चौहान व जोनल अधिकारी दिनेश राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम शोभायात्रा में सहयोग दिया, बैठक में आभार व्यक्त किया



बैठक में मौजूद विप बन्धु।

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर में ब्राह्मण सभा, धामपुर (पंजीकृत) द्वारा निकाली गई (शोभायात्रा) नगर परिक्रमा की सफलता और आगामी शोभायात्रा की भव्यता के सम्बन्ध में मंगलवार की शाम श्री राधा कृष्ण मंदिर में हुई बैठकर में समीक्षा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम शोभायात्रा में शामिल अखाड़े को शानदार ढंग से निकाला जाएगा और युवाओं को अखाड़ा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शोभायात्रा में धामपुर के अतिरिक्त जनपद बिजनौर के विभिन्न नगरों से ब्राह्मण बंधुओं के सम्मिलित होने पर हर्ष वयक्त किया गया। बैठक में बताया गया कि शोभायात्रा में जितेंद्र शर्मा बबलू, विनोद शर्मा, सचिन दत्त शर्मा, मुकेश शर्मा, संजीव शर्मा कैटर्स, प्रमोद मिश्रा, हर्ष राणा तथा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर, नवचेतन शर्मा महामंत्री संदीप कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष का विशेष सहयोग रहा। बैठक में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एडवोकेट ने नगर के युवाओं तथा कार्यकारिणी द्वारा शोभायात्रा में भव्यता प्रदान की सराहना की गई।

# बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण और नवागत न्यायिक अधिकारियों का स्वागत हुआ

**नगीना (चिंगारी)।** बार एसोसिएशन नगीना की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व नये न्यायिक अधिकारियों का स्वागत समारोह संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद न्यायाधीश संजय कुमार उपस्थित रहे।

मंगलवार की दोपहर बार एसोसिएशन नगीना द्वारा मुन्सफी के प्रांगण में आयोजित समारोह में सर्वप्रथम निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक बिश्नोई को शपथ ग्रहण करायी और दीपक बिश्नोई ने महासचिव मौ. नईम, उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष नरगिस



नगीना के मुंसफ़ी प्रांगण में आयोजित समारोह में शपथ लेते हुए एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी।

जहां, संयुक्त सचिव मौ. इमरान व अभिषेक व कार्यकारिणी सदस्य मौ. शफीक, अमीचंद, आशुतोष शर्मा, मनव्वर हसन को शपथ ग्रहण करायी। तत्पश्चात नये न्यायिक अधिकारीगण एडीजे नगीना मौ. शारिक सिद्दिकी, एसीजेएम नगीना वर्तिका शुभानंद, सिविल जज जूनियर डिविजन नेहा राजन, अपर सिविल जज जूनियर डिविजन नगीना सुभाष कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय शंकर, नगीना बार के वरिष्ठ अधिवक्ता मौ. आरिफ ख़ान, अशोक त्यागी, नरेंद्र चौहान, निशात अहमद, अरशद जावेद, फरीद अहमद, इकरामुद्दीन, हुड़दंग नगीनवी, संजीव कुमार, पवन अग्रवाल, निशीथ गर्ग आदि मौजूद रहे।

# डिजिटल प्लेट फॉर्म से विदुर प्रेरणा ब्राण्ड को मिलेगा बढ़ावा

## वेब व मोबाइल एप से इन्वेंट्री व सप्लाई चेन होगी मजबूत, संस्थागत आपूर्ति और बाज़ार विस्तार पर जोर




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विदुर प्रेरणा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ब्राण्ड के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल सशक्तिकरण और बाजार विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपायुक्त स्वत: रोजगार वीरेंद्र यादव, विदुर ब्राण्ड से जुड़े निर्माता, वितरक, रिटेलर, कैफे कैंटीन संचालिकाएं, नोडल बीएमएम, डीएमएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने विदुर प्रेरणाडाट इन वेब एप्लीकेशन और विदुर प्रेरणा स्वदेशी मोबाइल एप का अवलोकन कराते हुए सभी हितधारकों को इनके नियमित उपयोग के निर्देश दिये। डीएम ने स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद, पंचायती राज, कस्तूरबा विद्यालय और नगर पालिका समेत विभिन्न विभागों में विदुर ब्राण्ड उत्पादों की संस्थागत आपूर्ति बढ़ाने और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में विदुर प्रेरणा स्मृति सुविनियर शॉप स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई शुरू करने पर भी जोर दिया, जिससे पर्यटन के माध्यम से ब्राण्ड की पहचान और बिक्री बढ़ सके।

मुख्य विकास अधिकारी ने क्लस्टर आधारित उत्पादन मॉडल को जिले के सभी विकास खंडों में लागू करने पर बल दिया और नोडल बीएमएम को अगली समीक्षा बैठक में विस्तृत प्रस्तुति देने के निर्देश दिये। उपायुक्त स्वत: रोजगार ने बताया कि विदुर ब्राण्ड के जरिए लखपति दीदी अभियान, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिससे स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आय में लगातार वृद्धि हो रही है।

# ग़रीब महिलाओं को प्रेस वितरित कीं



**नीन्दडू (चिंगारी)।** मंगलवार को दोपहर बाद ग्राम नीन्दडू स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुजीबुल जफर उर्फ गुड्डू के कार्यालय पर भारतीय मानव देख-रेख ट्रस्ट के चेयरमैन डा. एके अन्सारी द्वारा पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुजीबुल जफर उर्फ गुड्डू के हाथों से 20 महिलाओं को सहायतार्थ प्रेस वितरित कराई गईं। ग्राम अथाई शेख की 13 व ग्राम नीन्दडू खास की 7 महिलाएं लाभान्वित हुईं। ट्रस्ट के अध्यक्ष एके अंसारी ने बताया कि भारतीय मानव देख-रेख ट्रस्ट की ओर से अन्य सुविधाएं जैसे गरीब बेटियों की शादी में प्रेस, कुरान, गीता, सिलाई मशीन और गर्भवती महिलाओं को तीन ब्लड टेस्ट, तीन प्रेगनेंसी टेस्ट तथा गरीब बेटियों की शादी में पानी के कैंप, पानी की बोतलों की सुविधा मुफ्त दी जाती है। इस अवसर पर एसबीआई के मैनेजर तितेन्द्र, ट्रस्ट के चेयरमैन डा. एके अन्सारी, कफील कुरैशी, निसार अल्वी, नसीम बसेड़ा, सोनू पालनी, जफर मलिक, मुजक्किर आदि मौजूद रहे।

# फादरसन स्कूल में हुआ 'फन विद पेंट टूल्स' का आयोजन

**चांदपुर (चिंगारी)।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा कक्षा दो के छात्रों के लिए फन विद पेंट टूल्स गतिविधि का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह गतिविधि दो दिनों तक चली, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता को तीन चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में प्रत्येक सेक्शन से दो छात्रों का चयन किया गया। द्वितीय चरण में कुल छह विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के आधार पर फाइनल राउंड के लिए स्थान बनाया। अंतिम चरण का संचालन एवं मूल्यांकन निर्णायक मंडल साक्षी चौहान, अर्चना चौधरी एवं आशु राजपूत की देखरेख में किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन का आंकलन कर विजेताओं की घोषणा की, जिसमें मयंक गौतम (सेक्शन ए) ने प्रथम, आयशा नूर (सेक्शन डी) ने द्वितीय तथा धीरज (सेक्शन डी) एवं मोहम्मद इब्राहिम (सेक्शन ए) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार

## लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनके समाधान के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान डीएम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पिछली बैठक के लंबित प्रकरणों का संबंधित विभागों के माध्यम से शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनकी शिकायतों का



जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए पूर्व सैनिक।

प्रभावी ढंग से निस्तारण किया जाएगा। बैठक में पूर्व सैनिकों ने सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, अवैध अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। डीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। इस दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी और पूर्व सैनिक बंधु उपस्थित रहे।

# डॉक्टर के यहां पर्चे बनाकर बन गये 'बाल रोग विशेषज्ञ'

## जब स्वास्थ्य विभाग मेहरबान, तो बिना डिग्री के डॉक्टर बनना आसान

चिंगारी EXCLUSIVE

**बिजनौर/बढ़ापुर (चिंगारी)।** जनपद में चिकित्सा प्रैक्टिस करने के लिए के लिए अब शायद मेडिकल डिग्री लेने की कोई आवश्यकता नहीं रह गई है। मात्र हाईस्कूल व इंटर फेल बालिग या नाबालिग व्यक्ति भी सिर्फ अनुभव के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सक बनकर प्रैक्टिस कर सकते हैं। जनपद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ाकर अनपढ़ व नाबालिग झोलाछाप जिस तरह से बेखौफ होकर प्रैक्टिस कर रहे हैं, उससे तो ऐसा ही प्रतीत हो रहा है, मानों जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अस्पतालों में पर्चे बनाने का अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को भी अब प्रैक्टिस करने की मान्यता दे दी है।

वर्तमान में इंसानों की जान के साथ खेलना व उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना हर क्षेत्र में बहुत आसान होता जा रहा है। चाहे मामला खाद्य पदार्थों में मिलावट का हो या नकली दवाइयों की बिक्री का हो या फिर झोलाछाप चिकित्सकों का हो, सब कुछ बहुत आसानी से बिना किसी रोक-टोक के चल रहा है। बात अगर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की की जाए तो अभी तक झोलाछाप चिकित्सक मात्र नजला, खांसी, बुखार की दवाईयां ही दिया करते थे, परंतु अब तो बिना डिग्री लिए ही झोलाछाप कहे जाने लोग विशेषज्ञ चिकित्सक बनकर लोगों के जीवन के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं। इसके लिए जनपद के कस्बा बढ़ापुर का उदाहरण बहुत ही चौकाने वाला है। यहां करीब एक दर्जन ऐसे झोलाछाप चिकित्सक हैं जिन्हें मेडिकल की एबीसीडी भी नहीं आती है। इसके बावजूद यह झोलाछाप नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ बनकर प्रैक्टिस कर रहे हैं। प्रैक्टिस भी चोरी-छिपे नहीं, बल्कि डंके की चोट पर अपने अस्पतालों पर बाकायदा बोर्ड और फ्लेक्सी लगा रखी है जिन पर बड़े-बड़े अक्षरों में अपने नाम के आगे नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ लिखवा रखा है।




### झोलाछापों के अस्पतालों पर लगे नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञों के बोर्ड

बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सक बनने के लिए एमबीबीएस के बाद स्नातकोत्तर में बाल चिकित्सा (पीडियाट्रिक्स) या डिप्लोमा इन चाइल्ड हेल्थ (डीसीएच) विशेष डिग्री लेनी होती है। परंतु बढ़ापुर में बाल रोग विशेषज्ञ की हैसियत से प्रैक्टिस करने वाले इन झोलाछापों की हकीकत जानकर हैरान रह जाएंगे। इन झोलाछापों ने जनपद के कुछ बाल रोग विशेषज्ञों के यहां मात्र एक या दो सालों तक केवल मरीजों के पर्चे ही बनाए हैं और अब पर्चे बनाकर ही यह सीधे बाल रोग विशेषज्ञ बन बैठे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों के कंपाउंडर भी कम से कम डी फार्मा डिप्लोमा धारी होते हैं, जबकि मात्र पर्चा बनाकर बाल रोग विशेषज्ञ बने इन झोलाछापों में से अधिकतर हाई स्कूल या इंटर फेल ही हैं।




अब सोचिए अगर मरीज के पर्चे बनाने वाले लोग नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ बनकर प्रैक्टिस करेंगे तो फिर मासूमों के जीवन के साथ यह मात्र खेल नहीं खिलवाड़ कर रहे हैं और इसका जिम्मेदार जिले का स्वास्थ्य विभाग है।




**गजब की बात यह है कि अपने बोर्ड व फ्लेक्सी पर अपने नाम के साथ यह नवजात एवं बाल रोग विशेषज्ञ होने का दावा अनुभव के आधार पर कर रहे हैं। इन झोलाछापों ने अपने बोर्ड पर उन चिकित्सकों के नाम के साथ उनके अस्पतालों में कार्य करने का अनुभव लिखकर प्रैक्टिस कर रहे हैं जिनके यहां इन्होंने मरीजों के पर्चे बनाए थे।**

### पढ़-लिखकर डॉक्टर बनने की क्या ज़रूरत, अनपढ़ों पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान है

बढ़ापुर नगर में जिस तरह झोलाछाप बाल रोग विशेषज्ञ बनकर प्रैक्टिस कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन पर पूरी तरह से मेहरबान हैं। यह झोलाछाप चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम प्रैक्टिस कर मासूमों के जीवन से खेल रहे हैं। खास बात यह है कि मासूमों की जान के साथ हो रहे इस खेल में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी बड़े दिल व जिगर वाले मालूम हो रहे हैं जिन्हें शासन/प्रशासन का ज़रा भी खौफ नहीं है।

# जैनेसिस स्कूल में 22 मेधावियों को सम्मानित किया गया

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** जसपुर रोड स्थित जैनेसिस इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 22 विद्यार्थियों को शील्ड और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही छात्रा अक्षिता सिंह, जिन्होंने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से अक्षिता को 21,000 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं मोरध्वज ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 11,000 रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। इसके अलावा अगम्या




चौधरी और कुणाल अरोरा को 5100-5100 रुपये देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल तथा बीएसवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य स्वतंत्र मिश्रा ने मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। विद्यालय के चेयरमैन सोहन सिंह और एमडी सनप्रीत सहोता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बंद मकान में आग लगने से हजारों का नुकसान, बड़ा हादसा टला

## रेलवे परिसर में आग लगने से हड़कंप मचा

नजीबाबाद ( चिंगारी )। बीती रात एक मौहल्ले में ताला लगाकर शादी में गए परिवार के मकान में आग लगने से हजारों रूपए का नुकसान हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस की मदद से अग्निशमन की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई। नगर के मौहल्ला वाहिदनगर निवासी मकान स्वामी विपिन दुआ अपने मकान को ताला लगाकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए हरियाणा के यमुनानगर में परिवार सहित गए थे। रात में गश्त पर निकले रेलवे स्टेशन चौकी के कांस्टेबल नेत्रपाल राठी ने उक्त मकान में धुआं निकलते देखकर इसकी सूचना तुरंत फायर स्टेशन पर दी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन प्रभारी केएस जादौन अपनी टीम के साथ गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। फायरकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद घर के अंदर पहुंचकर आग बुझाई। आग से घर में रखा हजारों रूपए का घरेलू सामान जल गया। घर के अंदर कमरों में धुआं होने तथा ताले लगे होने के कारण फायरकर्मियों को आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। फायर कर्मियों ने आग पर काबू कर आसपास के कई मकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया। बताया जाता है कि मकान में आग घर की लाइट में शार्ट-सर्किट होने से लगी थी। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। साथ ही बीती रात आदर्शनगर कॉलोनी स्थित रेलवे परिसर में रखे प्लास्टिक के पाइप व पुराने सामान में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर रेलवे अधिकारी आरडी मीणा, आरपीएफ के उपनिरीक्षक वीर सिंह व मुख्य आरक्षी वेद प्रकाश मौके पर पहुंचे। बाद में किसी तरह से आग को बुझाया गया। आग की घटना से हड़कंप मच गया।

## गर्मी सता रही, ट्रांसफार्मर जला रही, रात को नींद नहीं आ रही

### दो ट्रांसफार्मर आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित



नजीबाबाद (चिंगारी)। लगातार बढ़ती गर्मी के कारण बिजली के ट्रांसफार्मर अभी से हीट होकर जलने लगे है, जिससे क्षेत्र के विभिन्न मौहल्लों की बिजली बाधित होने की समस्या पैदा हो गई है। बढ़ती गर्मी के साथ बिजली की आपूर्ति में भी समस्या पैदा हो रही है। नगर के मौहल्ला नवाबपुरा में थाने के पीछे रखे बिजली के ट्रांसफार्मर के ओवरलोड व हीट होने से वॉयर में स्पार्किंग से आग लग गई। ट्रांसफार्मर में आग लगती देखकर तुरंत मौहल्लावासियों ने बिजली विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही विद्युत कर्मी अंकुल ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर लाइट बंद कराकर ट्रांसफार्मर मे लगी आग बुझाई। जिससे बिजली आपूर्ति काफी समय के लिए बाधित रही। इससे पूर्व नगर के मौहल्ला कलालान में सेवाराम कुएं पर रखे बिजली के ट्रांसफार्मर में ओवर लोड के चलते लीड व तारों में आग लग गई थी, जिसे बाद में बुझाकर बिजली व्यवस्था बहाल की गई थी। तेज गर्मी शुरू होते ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगे बिजली के ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड के चलते वह हीट होने लगे है जिससे विभाग को बार-बार बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ती है। गर्मी में बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों का पसीने में बुरा हाल हो रहा है। गर्मी अचानक इतनी बढ़ गई है कि दिन में तेज धूप निकलने के कारण लोग बिना वजह अपने घरों से निकलने से बच रहे हैं। साथ ही रात में गर्मी लोगों को काफी सता रही है। तेज गर्मी के कारण लोगों को सही तरह से नींद नहीं आ रही है। शहर के लोगों ने गर्मी के मौसम को देखते हुए बिजली विभाग से जर्जर तारों को बदलकर नए तार डालने, ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड खत्म कराने व बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से कराने के लिए पूरी व्यवस्था कराने की अपील की है।

## इलाज के नाम पर अश्लील हरकत करने व 15 हजार ठगने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र की एक महिला ने मंडावली के तांत्रिक पर इलाज के नाम पर उसके साथ अश्लील हरकत करने तथा 15 हजार रूपए ठगने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है। नगर के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी रहनुमा पत्नी फरमान ने एसपी को भेजी शिकायत में कहा कि तबियत खराब होने पर वह दवा लेने के लिए मंडावली क्षेत्र के ग्राम भागूवाला में एक तांत्रिक के पास गई थी। आरोप है कि तांत्रिक ने उसके साथ इलाज के नाम पर अश्लील हरकत करने के साथ इलाज की आड़ में 15 हजार रूपए ऐंठ लिये। इस पर उसने आपत्ति जताई तो तांत्रिक ने उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कराकर उक्त तांत्रिक के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

## रेडियो पर हिंदुस्तानी पेश करेंगे 'मुझे याद है ज़रा ज़रा...'



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पत्रकार शायर लेखक और नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर इक़बाल हिंदुस्तानी आकाशवाणी नजीबाबाद के पुरानी यादों पर आधारित कार्यक्रम मुझे याद है ज़रा ज़रा में हिस्सा लेंगे। यह प्रोग्राम 22 अप्रैल बुधवार रात 10.30 बजे प्रसारित किया जाएगा। श्री हिंदुस्तानी से आकाशवाणी से जुड़ी कई दशक पुरानी यादों पर केंद्र के अस्थायी उद्घोषक यशोधर डबराल बात चीत करेंगे। आपको याद दिला दें आकाशवाणी नजीबाबाद पर यह दिलचस्प प्रोग्राम केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी शोभित शर्मा ने शुरू किया है। इस प्रोग्राम का मकसद उन कलाकारों, बुद्धिजीवियों व साहित्यकारों को एक बार फिर से श्रोताओं से जोड़ना है जो कई दशक पहले आकाशवाणी नजीबाबाद पर बहुत सक्रिय रहे हैं। ये लोग पहली बार रेडियो पर कब आए, कैसे और किसके द्वारा इनको वार्ता परिचर्चा नाटक या कंपेयर और एनाउंसर के रूप में पेश किया गया, इस प्रोग्राम में इन सब बातों पर विस्तार से चर्चा होती है।

## हाजी इकराम अंसारी के इंतकाल से शोक व्याप्त

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी समाजसेवी व नजीब टाइम्स मैगनीज के मैनेजिंग डायरेक्टर हाजी इकराम अंसारी का बीमारी के चलते दिल्ली में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। ग्राम हर्षवाड़ा निवासी हाजी इकराम अंसारी पिछले काफी समय अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते थे। वह समय-समय पर नजीबाबाद आकर गरीबों की मदद का कार्य करते थे। वह सर्दी के मौसम में क्षेत्र के स्कूलों में गरीब बच्चों को जर्सियां व कम्बल बांटते थे। जिससे क्षेत्र में लोग उन्हें काफी पसंद करते थे। वह एक खुशमिजाज, मिलनसार व खुश अखलाक इंसान थे। वह रेलवे सलाहकार समिति के मेम्बर, कासमिया इंटर कॉलेज के पदाधिकारी व अन्य समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य भी रहे है। वह रेलवे विभाग के अधिकारी इरफान अंसारी के बड़े भाई थे। उनके इंतकाल पर विधायक हाजी तसलीम अहमद, चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, आसिफ मुत्तकी, खालिद मसूद, सभासद सरफराज अहमद, महताब खां चांद, पत्रकार इकबाल हिंदुस्तानी, एजाज अहमद, डॉ. आफताब नोमानी, नौशाद मुल्तानी, महताब नजमी, कासमिया इंटर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल महताब अंसारी, ग्राम प्रधान मोनू, अजमल सिद्दीकी, एम. अकरम खां, मकसूद सैफी, अबरार अहमद सहित गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त करते हुए उनकी मगफिरत के लिए दुआ की है।



## घोषित हुआ बीएएलएलबी का परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों ने पाया अच्छा स्थान



नजीबाबाद (चिंगारी)। महात्मा ज्योतिबाफूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली ने बीएएलएलबी का विषम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणामानुसार ग्रुप के नॉर्थ इंडिया कॉलेज ऑफ लॉ, नजीबाबाद का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर में महविश ने प्रथम, अलीशा ने द्वितीय एवं मैत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंचम सेमेस्टर में रविकांत ब्राह्मणी ने प्रथम, विष्णुकांत ब्राह्मणी ने द्वितीय तथा वैशाली चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सप्तम सेमेस्टर में इकरा व साहिबा परवीन ने सम्मिलित रूप से प्रथम, सुहानी ने द्वितीय व शुमायला परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवम सेमेस्टर में प्राची शर्मा ने प्रथम, निशा ने द्वितीय व रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज व अपने परिवार का नाम रोशन किया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक इंजीनियर अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक इंजीनियर अभिनव अग्रवाल व संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा ने इस मौके पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में न्यायिक क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने के लिए उत्साहवर्धन किया। साथ ही लॉ कॉलेज प्रभारी समसपाल सिंह, अन्य प्रवक्ता डॉ. मौ. जाकिर, रविकांत, सियाराम, अनिल कुमार, रूपाली बालियान, नीरज कुशवाहा ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# गुलदार ने हमला कर युवक को घायल किया




**शेरकोट ( चिंगारी )।** बुधवार की सुबह आबादी क्षेत्र के पास गुलदार ने हमला कर एक युवक को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। गांव के पास हुई इस घटना से दहशत फ़ैल गई। घायल युवक को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम नसीरदीवाला निवासी 25 वर्षीय आकाश उर्फ करन सिंह आज सुबह किसी काम से पैदल जंगल की ओर जा रहा था। इस दौरान जब वह ग्राम बालकिशनपुर मार्ग की ओर पहुंचा तो अचानक गांव से मिले खेत से निकलकर आये गुलदार ने सामने से उस पर हमला कर दिया। युवक द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और गुलदार युवक को लहुलुहान हालत में छोड़कर खेतों की ओर भाग गया। गुलदार के पंजे करन की गर्दन और सीने पर लगने से घाव बन गए। परिजनों द्वारा घायल को सरकारी एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। दिनदहाड़े आबादी क्षेत्र के पास आकर गुलदार द्वारा हमले किये जाने की हुई घटना से गांव मे भर व्याप्त हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी समय से क्षेत्र में गुलदार घूमता नजर आ रहा है। यह कई कुत्तों और बेसहारा घूमने वाले पशुओं को भी अपना निवाला बना चुका है। ग्रामीण सतीश कुमार, ऋषिपाल सिंह, छुटवा सिंह, अमित कुमार आदि ने अधिकारियों से पिंजरा लगवाकर दहशत का पर्याय बने गुलदार को पकड़वाने की मांग की है।

## कालेज के आसपास मंडरा रहा गुलदार

**पैजनिया ( चिंगारी )।** ग्राम कुंडा के पास फतेहउल्लपुर पोट्टा के महर्षि दयानद इंटर कालेज के मैदान के पास गुलदार के घूमने से ग्रामीणों मे दहशत व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया पिछले चार पांच दिन से गुलदार स्कूल के आसपास घूम रहा है। मंगलवार की सुबह गुलदार ने गांव मे तारा सिंह के घेर में बंधी एक कटिया को भी निवाला बना लिया। स्कूल के आसपास गुलदार के घूमने से छात्रों, अभिभावकों एवं स्कूल स्टाफ में दहशत का माहौल है। कुंडा के ग्राम प्रधान दिलावर सिंह ने बताया कि मामले की सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। वन क्षेत्राधिकारी दुष्यन्त कुमार का कहना है टीम भेजी जायेगी। गुलदार के ट्रैप होने पर शीघ्र पिंजरा लगवाया जायेगा।

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# जमीनी रंजिश में बुजुर्ग पर जानलेवा हमला


घायल बुजुर्ग जमील अहमद

**नहटौर ( चिंगारी )।** जमीनी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम महमूदपुर कामिल निवासी जमील अहमद पुत्र लतीफ (63 वर्ष) का गांव के ही कुछ लोगों से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलवार शाम करीब साढ़े छः बजे जमील अपने खेत पर सिंचाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के तीन व्यक्तियों ने अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला बोल दिया। हमलावरों ने उन्हें चारों तरफ से घेरकर लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके की ओर दौड़े, जिन्हें आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से बुजुर्ग को लहूलुहान हालत में सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ
शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |


आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# बड़ा लाभकारी है खरबूजा



खरबूजा अपनी मिठास एवं स्वाद के लिए बहुत लोकप्रिय है। खरबूजे के बीजों की गिरी से मेवा बनाया जाता है, जिसका इस्तेमाल विभिन्न प्रकार की मिठाई में किया जाता है। आप भी खरबूजा का सेवन जरूर करते होंगे, लेकिन क्या आपको यह पता है कि खरबूजे के फायदे से रोगों का इलाज भी किया जा सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, खरबूजा में कैल्शियम, आयरन, विटामिन ए और विटामिन सी अधिक मात्रा में होता है। इन गुणों के कारण खरबूजा के सेवन से शरीर को बहुत लाभ मिलता है। खरबूजा स्कर्वी जैसे रोगों से शरीर की रक्षा करता है। एक्जिमा, मूत्र विकार, सिरदर्द, चेहरे के दाग-धब्बे आदि में भी खरबूजा के फलों का रस लाभकारी होता है। आइए जानते हैं कि आप खरबूजे का प्रयोग कैसे कर सकते हैं। खरबूजे, ककड़ी, फूट एक ही जाति के फल हैं। इन फलों को ताजा ही खाया जाता है। भारत के अलग-अलग राज्यों में खरबूजा की कई उपजातियां मिलती हैं, किन्तु गुणों में विशेष अन्तर नहीं होता है। खरबूजा कई रंगों में मिलता है, लेकिन सामान्यतः यह पकने पर हरा से पीला या नारंगी रंग का हो जाता है। इसके फल लम्बी लताओं में लगते हैं। इसकी लता पतली, जमीन पर फैलने वाली, तरबूज की बेल जैसी, और मोटी जड़ वाली होती है। इसमें 90 प्रतिशत तक पानी होता है, इसलिए गर्मियों में खरबूजा का सेवन बहुत लाभ देता है। खरबूजे के बीजों में 40-50 प्रतिशत तेल पाया जाता है। खरबूजा का उपयोग सलाद के रूप में होता है। कच्चे फलों का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जी के रूप में भी किया जाता है। यहां खरबूजा से होने वाले सभी फायदे के बारे को बहुत ही आसान शब्दों में लिखा गया है ताकि आप खरबूजे से पूरा-पूरा लाभ ले पाएं।

## खरबूजा के फायदे



**आंखों के लिए खरबूजा फायदेमंद:**-अगर आपको आंखों से संबधी कोई समस्या है तो खरबूजा का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है क्योंकि खरबूजा आंखों के लिए हितकर माना गया है।

**अनिद्रा के उपचार में फायदेमंद खरबूजा:**- वात के अधिक बढ़ जाने के कारण नसों में विकार उत्पन्न होता है, जिससे अनिद्रा की स्थिति उत्पन्न होती है। खरबूजे में वात शामक गुण होने के कारण अनिद्रा को दूर करने में मदद करता है।

**खरबूजा के औषधीय गुण से त्वचा रोग ( सोरायसिस ) का इलाज:**- त्वचा पर होने वाले सोरायसिस रोग को हिन्दी में विचर्चिका या अपरस रोग भी कहते हैं। यह एक बहुत ही कष्टदायक रोग है। इस रोग में पूरे शरीर में कहीं भी खुजली हो जाती है। यह रोग स्त्री या पुरुष किसी को भी, किसी भी आयु में हो सकता है। सोरायसिस होने पर खरबूजे के फलों को पीसकर लगाने से लाभ होता है।

### खरबूजा का इस्तेमाल कैसे करें?

खरबूजा के 5-10 ग्राम बीज के चूर्ण इस्तेमाल में लाना चाहिए। यहां खरबूजा से होने वाले सभी फायदे के बारे को बहुत ही आसान शब्दों में लिखा गया है ताकि आप खरबूजा से पूरा-पूरा लाभ ले पाएं, लेकिन औषधि के रूप में खरबूजा का प्रयोग करने के लिए चिकित्सक की सलाह जरूर लें।

**खरबूजा के फायदे और उपयोग:**- वजन कम करने में भी खरबूजा काफी फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें शुगर और कैलोरी की मात्रा ज्यादा नहीं होती है। आप खरबूजा का प्रयोग कर कई बीमारियों को ठीक कर सकते हैं।

**सिर दर्द में खरबूजे के फायदे:**- खरबूजे की बीज (magaz seeds) को घी में भून लें। इसे मिश्री की चासनी में डालकर सेवन करें। इससे सिरदर्द में बहुत आराम मिलता है। आप इसमें इच्छानुसार मावा डालकर लड्डू भी बना सकते हैं।


**गले की जलन में खरबूजे के बीज के फायदे:**- खरबूजे के बीजों का काढ़ा बनाकर गरारा करें। इससे गले की जलन में बहुत आराम मिलता है। बेहतर परिणाम के लिए किसी आयुर्वेदिक चिकित्सक से जरूर परामर्श लें।

**चेहरे की झाई से राहत दिलाने में खरबूजे के बीज के फायदे:**- खरबूजे (muskmelon fruit) के बीजों तथा फल के छिलकों को पीस लें। इसे चेहरे पर लगाने से चेहरे के दाग, झाई आदि मिट जाते हैं। यह प्रयोग चेहरे को कोमल भी बनाता है और चेहरे पर चमक लाता है।

**सीने की जलन में खरबूजे के बीज के फायदे:**- खरबूजे के बीज (2 ग्राम) तथा खीरा के बीज (2 ग्राम) को मिलाकर पीस लें। इसमें आधा ग्राम काली मिर्च तथा 5 ग्राम मिश्री मिलाकर घोटकर छान लें। इसे पिलाने से सीने की जलन में आराम मिलता है।

**पेट की गैस में खरबूजा के फायदे:**- छोटे बच्चों को बराबर पेट फूलने की समस्या हो जाती है। पेट फूलने के कारण पेट में दर्द भी होने लगता है। बच्चा बहुत रोता है और कई बार माता समझ नहीं पाती कि बच्चे को क्या परेशानी है। ऐसी हालत में खरबूजे के बीज को पीस लें। इसे गुनगुना करके बच्चों के पेट पर लेप करने से पेट की गैस निकल जाती है और दर्द में आराम मिलता है।

**खरबूजा के औषधीय गुण से दस्त पर रोक:**- दस्त की शुरुआती अवस्था में जब आंव, कफ तथा दुर्गन्धयुक्त मल बार-बार हो रहा हो तो खरबूजा (muskmelon fruit) के गूदे में सोंठ, काली मिर्च तथा जीरा चूर्ण और ऊपर से सेंधा नमक डालकर खाएं। इससे आंव का पाचन होता है और मल से दुर्गन्ध आने की समस्या खत्म होती है। गैस निकलना बन्द होता है।



## मूत्र रोग ( पेशाब से संबंधित रोग ) में खरबूजा से लाभ

- पेशाब संबंधित समस्याओं में खरबूजे के फल का सेवन करना चाहिए। इससे मूत्र संबंधित सभी समस्याएं खत्म होती हैं।
- खरबूजे के बीज में मिश्री तथा काली मिर्च मिलाकर खिलाने से पेशाब की वृद्धि होती है तथा मूत्र विकार खत्म होते हैं।
- खरबूजे के बीज को पीसकर, दूध में मिला लें। इसे पीने से पेशाब की जलन की समस्या ठीक होती है।
- खरबूजे के 5-10 ग्राम बीज चूर्ण में बराबर मात्रा में मिश्री मिलाकर खाने से पेशाब करते समय होने वाला दर्द दूर होता है।

## खरबूजे (muskmelon) के सेवन से ये नुकसान भी हो सकते हैं

- खरबूजे को खाने से पहले थोड़ी देर ठंढे पानी में डाल दें।
- भोजन के कुछ देर बाद ही खरबूजा का सेवन करना ठीक होता है।
- खरबूजे को खाली पेट या भोजन के पहले खाने से शरीर में पित्त-दोष यानी एसिडिटी होने की की संभावना बढ़ जाती है। किसी-किसी को पित्त दोष के कारण होने वाला बुखार भी हो जाता है।
- खरबूजा बहुत ही ठण्डा और सुगन्धित होता है, इसलिए जिनको बहुत ज्यादा जुकाम तथा खांसी होती हो या जिनकी पाचन क्रिया कमजोर हो, उन्हें खरबूजा नहीं खाना चाहिए।
- खरबूजा खाने के बाद पानी और दूध का सेवन नुकसान पहुंचाता है।
- खरबूजा खाने के तुरंत बाद पानी पीने से हैजा होने की आशंका रहती है।
- इसे उचित मात्रा में खाने के बाद एक गिलास शक्कर का शर्बत पीना पाचन के लिए विशेष उपयोगी है।

**लू लगने पर खरबूजा से फायदा:**- गर्मियों में अक्सर लू लगने की समस्या होती है। लू लगने पर खरबूजे के बीजों को पीसकर सिर पर और पूरे शरीर पर लगाएं। इससे लू के कारण होने वाली जलन, दर्द तथा बुखार आदि समस्याएं ठीक (muskmelon benefits) होती हैं। इससे शरीर में ठंडक मिलती है।

**एसिडिटी की समस्या में खरबूजे के सेवन से फायदा :**- खरबूजे के छोटे-छोटे टुकड़ों में देसी खाण्ड मिलाकर शरबत (Musk Melon Juice) बना लें। इसका नियमित सेवन करें। इससे शरीर में बढ़े हुए पित्त का प्रभाव घट जाता है। इससे पित्त के कारण होने वाले रोगों से आराम मिलता है। इससे एसिडिटीज (benefits of muskmelon) ठीक होती है।

**तनाव से मुक्ति पाने में लाभकारी खरबूजा:**- तनाव का मुख्य कारण वात दोष का बढ़ना माना जाता है। खरबूजे में वात शामक गुण पाया जाता है जिसके कारण यह तनाव को कम करने में भी मदद करता है।

## किडनी विकार (गुर्दे का दर्द) में खरबूजा से लाभ

- खरबूजा में पथरी को गलाने की शक्ति होती है। खरबूजे के 5-10 ग्राम बीजों को पीसकर पानी में मिलाकर सेवन करें। इससे गुर्दे के दर्द से आराम मिलता है।
- इससे पथरी भी गलकर शरीर से बाहर निकल जाती है।
- खरबूजा गुर्दे की सफाई भी करता है।



# नहटौर से पाड़ला तक निकली भव्य शोभायात्रा

**नहटौर ( चिंगारी )। पंचकल्याणक के अंतर्गत नहटौर से पाड़ला तक मोक्ष कल्याणक के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पाड़ला स्थित वेदी पर विराजमान हुए भगवान ऋषभनाथ जी के साथ चंद्रप्रभु भगवान, शांतिनाथ और महावीर भगवान की मूर्ति भी वेदी पर विराजमान की गई।**

मंगलवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर में मोक्ष कल्याणक एवं संस्कार विधि पूर्ण हुई। इसके उपरांत बैंडबाजों के साथ भगवान ऋषभदेव जी की भव्य शोभायात्रा नहटौर से प्रारंभ की गई, जो पाड़ला स्थित मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। श्रीजी की प्रतिमा को विराजमान कराने में अंकुर जैन, अनन्त जैन टाइल्स वाले मुख्य रहे। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर ग्राम पाड़ला मंदिर परिसर में महायज्ञ आयोजित हुआ, जिसमें यज्ञनायक अशोक कुमार जैन रेडिमेड वाले रहे। जिसमें श्रद्धालुओं ने विश्व में विश्व कल्याण और शांति के लिए श्रीजी से प्रार्थना की। मंदिर में प्रथम कलश विनीत जैन, द्वितीय अचल जैन, तृतीय राजीव जैन आढ़ती, संदीप जैन, वंश जैन द्वारा स्थापित कराया गया, साथ ही ध्वज पताका

## मोक्ष कल्याणक एवं संस्कार विधि पूर्ण हुई







अजय कुमार जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैन मुनि श्री 108 विव्रत सागर महाराज और जैन मुनि 108 श्री विश्वार्थ सागर महाराज ने भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभनाथ ने क्रियाकलापों को पूर्ण किया और आज वह भगवान कहलाये। जैन धर्म भगवान को पाने का नहीं, भगवान बनने तक का दर्शन है। कार्यक्रम क्षुलल्करत्न श्री समर्पण सागर जी महाराज के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रीजी का गुणगान किया।

## आस्था के साथ पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**पाड़ला में भूगर्भ से प्राप्त भगवान ऋषभनाथ की चतुर्थ कालीन अतिश्यकारी प्रतिमा के उपरांत मंदिर पर्यटन और आस्था का केंद्र बनेगा। राजस्थान की नक्काशी और चतुर्थ कालीन प्रतिमा के चलते यह मंदिर श्रद्धालुओं में आस्था, विश्वास और आकर्षक का केंद्र बन गया है।**

## दूसरे राज्यों से भी श्रद्धालु पाड़ला पहुंचे

**इस अवसर पर पाड़ला में आयोजित पंचकल्याणक कार्यक्रम में पानीपत, मध्य प्रदेश, दिल्ली, गुड़गांव, मुरादाबाद, शामली, मथुरा, खतौली, शेरकोट, नोएडा आदि स्थानों से श्रद्धालुओं के जत्थे पाड़ला में पहुंचे। कार्यक्रम उपरांत सहभोज ( भंडारे ) का आयोजन किया गया।**

## ब्रजपाल सिंह को बनाया जिलाध्यक्ष

**नहटौर ( चिंगारी )।** भाजपा जनकल्याण मंच ने संगठन को और अधिक मजबूत देने के लिये नहटौर के बिलासपुर निवासी ब्रजपाल सिंह को किसान मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक दर्शन आर. शाह ने करते संगठन के सिद्धांतों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने, राष्ट्रीय एकता, लोकतंत्र, सर्वधर्म समभाव और सामाजिक-आर्थिक विकास जैसे मूल्यों को मजबूती से आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है।



## जेपी पब्लिक स्कूल में हुई हाउस बोर्ड प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल, धनौरा रोड, चांदपुर में हाउस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता उत्साह एवं रचनात्मकता के साथ आयोजित की गई। सभी हाउसों ने अपनी-अपनी थीम पर आकर्षक एवं प्रभावशाली

### 'ग्रीन इण्डिया' थीम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पाया

बोर्ड प्रस्तुत किये। भगत हाउस ने 'ग्रीन इंडिया' थीम पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पटेल हाउस ने 'वर्ल्ड ऑफ बुक्स' थीम के साथ शानदार प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं आजाद हाउस 'हेरिटेज ऑफ इंडिया' और बॉस हाउस 'अर्थ डे' ने संयुक्त रूप से




तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक कमेटी में विद्यालय के प्रबंधक की माताजी श्रीमती सुषमा गुप्ता, प्रधानाचार्य विनीत तोमर, जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी की भूमिका सराहनीय रही। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता, टीमवर्क और पर्यावरण व ज्ञान के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुई।

## साइकिल से गया था, लापता हो गया

**नहटौर ( चिंगारी )। ग्राम सलेमपुर निवासी बंटी कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई रोहताश कुमार ( 47 वर्ष ) 17 अप्रैल को करीब 11 बजे दिन में साइकिल लेकर घर से गया था। देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जिसका पांच दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका। परिजनों के अनुसार रोहताश कुमार मानसिक रूप से अस्वस्थ भी है।**

## मंदिर के वार्षिकोत्सव पर हुआ हवन व भण्डारा



**चांदपुर ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला गोकुलनगर स्थित चामुंडा माता मंदिर के वर्षिकोत्सव पर हवन हुआ तथा बाद में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंगलवार को चामुंडा माता मंदिर में सर्वप्रथम हवन का आयोजन किया गया तथा बाद में विशाल भंडारा हुआ। इस अवसर पर आशु गोयल, निर्देश सैनी, सचिन भारद्वाज, राजपाल सैनी, यश गोयल, रूप सिंह वर्मा, दीपांकर, मुकुल कुमार आदि का सहयोग रहा।**

## 'युवा संसद 2026' में जिले का टॉपर गुरप्रीत दूसरी बार बजट विषय पर रखेगा अपने विचार

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )। युवा संसद 2026 में जिले का टॉपर गुरप्रीत सिंह दूसरी बार विधानसभा में युवा शक्ति विकसित भारत 2047 की ओर बजट विषय पर अगले सप्ताह अपने विचार रखेगा।**

### इससे पूर्व वह वर्ष 2025 में भी युवा संसद का टॉपर रहा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बिजनौर के युवा गुरप्रीत सिंह का विधानसभा लखनऊ में बोलने हेतु मौरना के देवता महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा संसद में चयन किया गया था। इससे पूर्व वह वर्ष 2025 में भी युवा संसद



का टॉपर रहा था। प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें प्रदेश विधानसभा से रूबरू कराने के उद्देश्य से इस बार विधानसभा स्तरीय युवा संसद का कार्यक्रम लखनऊ विधानसभा में 27, 28, 29 अप्रैल को आयोजित होना है। बिजनौर से गुरप्रीत सिंह दूसरी बार इस युवा संसद में निर्धारित विषय पर अपने विचार रखेगा।

जिले का यूथ आइकोन गुरप्रीत सिंह ताजपुर निवासी कमलजीत सिंह नूर का पुत्र है। इस युवा में बचपन से ही बड़े-बड़े मंचों पर बोलने की अदभुत क्षमता है। गुरप्रीत कक्षा 1 से 5 तक राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रदेश में पहला स्थान पाकर शासन स्तर पर भी सम्मानित हो चुका है। इससे पूर्व उसने विगत वर्ष मेरठ में आयोजित इस कार्यक्रम में 'राष्ट्र एक चुनाव' पर अपने विचार रखकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। प्रदेश के लिए चयनित गुरप्रीत के चयन पर उसके परिजनों में खुशी है।

# आर.आर.पब्लिक स्कूल में हुआ ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन



नूरपुर ( चिंगारी )। मंगलवार को स्योहारा रोड स्थित आर. आर. पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और तकनीकी कौशल का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में मनमीत कौर, अनमोल कुमार, परी, तेजवीर, आन्या यादव, दुर्गा, नायरा सरीन, दृष्टि ठाकुर, गुंजित राजपूत, चैयरी त्यागी ने यलो बेल्ट, विहान कौशिक, कृत्वी डबास, अक्षिका, पांशुल कंधालिया, झनक राजपूत, अणिका, हेयांश, शिवाय चौधरी आदि शर्मा ने ब्लू बेल्ट आयुषी वर्मा, मानवी दिवाकर, स्पर्श सिंह, आयुषी कुमारी, शिखा अग्रवाल, दक्ष कुमार, आराध्या कुमार, परमजीत कौर, सरबजीत सिंह ने ग्रीन बेल्ट जीतने में सफलता प्राप्त की। ताइक्वांडो कोच जीवन सिंह के नेतृत्व में बच्चों की मानसिक एकाग्रता परखने के लिए मुख्य परीक्षक राजू राजपूत पहुंचे। इस प्रतियोगिता में करीब 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में उप प्रधानाचार्य श्री टीकम सिंह ने कोच जीवन सिंह एवं जिला संघ सचिव श्री राजू राजपूत का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आर. आर. पब्लिक स्कूल सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ खेलों में भी अग्रणी बनाने के लिए समर्पित है।

# 5 लाख और कार की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करने का आरोप

चांदपुर ( चिंगारी )। एक विवाहिता ने अपनी ससुराल वालों पर दहेज में 5 लाख रुपए व कार की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर उसको प्रताड़ित करने तथा अपने पति पर उसको तीन तलाक देने का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने में दी गई तहरीर में गुलिस्तां पुत्री यामीन निवासी मुहल्ला सराय रफी फीना बस्ती ने बताया कि उसकी शादी लगभग 11 वर्ष पूर्व सलमान पुत्र बाबू निवासी ग्राम तालिबपुर चांदपुर के साथ हुई थी। शादी में मिले दहेज से उसकी सास भूरी, पति सलमान, ससुर बाबू, नन्द सादमा निवासी ग्राम तालिबपुर, नन्द आसमां, नन्दोई असलम निवासी ग्राम अम्हेड़ा, नन्द शजमा, ननदोई चांद निवासी ग्राम अकबरपुर झोझा शादी के बाद से ही खुश नहीं थे तथा दहेज में 5 लाख रुपए व कार की मांग करते थे तथा मांग पूरी न होने पर उसका मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उसके तीन बच्चे हैं। 4 अप्रैल 26 को रात्रि में उसके पति व सास ससुर ने उसके साथ मारपीट की तथा उसके पति ने उसको तीन तलाक देकर उसको कमरे में बंद कर दिया, तब उसने अपने अब्बू को फोन कर बुलाया तथा उसके अब्बू ने वहां आकर उसको छुड़ाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# घर के सामने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला तमंचे सहित गिरफ्तार

नांगल सोती ( चिंगारी )। कार में सवार होकर ग्राम तिसोतरा में एक घर के सामने फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले को पुलिस ने तमंचे तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम तिसोतरा निवासी शुभम कुमार पुत्र स्व. शेर सिंह ने विगत 10 अप्रैल को पुलिस को दिये प्रार्थना–पत्र में कहा था कि 31 मार्च, 2026 की रात्रि लगभग 11:12 बजे उसके घर के सामने अज्ञात आल्टो कार में सवार कुछ व्यक्तियों के द्वारा गोली चलाई गई। उसका कहना था कि इस घटना से उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को जान–माल का खतरा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 131 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि उक्त मुकदमे की विवेचना में अक्षय पुत्र चमन सिंह निवासी ग्राम चंदोक, थाना नांगल का नाम प्रकाश में आया था। उक्त अभियुक्त को बीती देर रात्रि बरकातपुर चौराहे के समीप स्थित नई कॉलोनी से 12 बोर के तमंचे तथा एक जीवित कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आज उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# किसान के घर में लगी आग से दो ट्रैक्टर व बोलेरो जली

**स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम सतवाई निवासी किसान गजेन्द्र सिंह के घेर में रात्रि करीब नौ बजे सनसनीखेज आगजनी की घटना सामने आई। उस समय उनके दो ट्रैक्टर और एक बोलेरो कार टिनशेड के नीचे खड़े थे।**

बताया गया कि किसान का नौकर संजय पास में बैठकर खाना खा रहा था। इसी दौरान उसने एक अज्ञात व्यक्ति को घेर में प्रवेश करते देखा। पहले उसे लगा कि वह कोई परिचित होगा, लेकिन कुछ ही देर बाद टिनशेड की ओर से संदिग्ध आवाजें आने लगीं। संजय जब मौके पर पहुंचा तो उसने एक व्यक्ति को तेजी से पश्चिम दिशा की ओर भागते देखा। शक होने पर जब उसने पास जाकर देखा तो एक ट्रैक्टर में आग लगी हुई थी और धुआं उठ रहा था। नौकर ने तुरंत मालिक गजेन्द्र सिंह को सूचना दी। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में एक ट्रैक्टर पूरी तरह जलकर राख हो गया, जबकि दूसरे ट्रैक्टर का पिछला हिस्सा, सीट, लाइट और अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पास में खड़ी बोलेरो गाड़ी भी लगभग 40 प्रतिशत तक जल गई थी। पीड़ित किसान ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

## अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक चालक घायल

नांगल सोती ( चिंगारी )। मंगलवार को अपराह्न साढ़े पांच बजे समीपवर्ती ग्राम हरचंदपुर निवासी तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर नांगल से अपने गांव जा रहे थे। ग्राम मायापुरी को जाने वाले संपर्क मार्ग के सामने उनकी बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। बाइक चला रहा धनीराम (43 वर्ष) पुत्र नीलाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गंभीर चोट लगी है, जबकि बाइक पर पीछे बैठे हरपाल और रामकुंवर भी मामूली रूप से घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल धनीराम को नांगल में प्राथमिक उपचार दिलाकर बिजनौर में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे रात्रि में हायर सेंटर रैफर किये जाने पर एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है। दूसरे वाहन के बारे में पता नहीं लगा। घायलों का कहना है कि दूसरा वाहन ट्रैक्टर–ट्रिपलर था।

# स्कूटी-बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत, युवक गंभीर घायल

स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा निवासी यासीन ( 70 ) पुत्र इलाहीबख्श मंगलवार को अपनी स्कूटी से गांव से कांठ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मुरादाबाद रोड पर ग्राम सुल्तानपुर के पास उनकी स्कूटी की टक्कर बाइक सवार अजय ( 26 ) पुत्र रमेश, निवासी ग्राम लखीपुरा से हो गई। अजय अपनी बहन को लेने बिजनौर जा रहा था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को उपचार के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम यासीन की मौत हो गई, जबकि अजय का उपचार चल रहा है। यासीन की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई और घर में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मृतक के घर पहुंची। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव परिजनों को सौंप दिया।

# मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी हैदराबाद की परीक्षा सम्पन्न

नगीना ( चिंगारी )। नगीना स्थित सिटी पीजी डिग्री कॉलेज, बिजनौर में स्थापित मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के लर्निंग सपोर्ट सेंटर पर कई दिनों से संचालित परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। इन परीक्षाओं में विभिन्न पाठ्यक्रमों जैसे बी.ए., बी.कॉम. एम.ए., डिप्लोमा इन मास कम्युनिकेशन, डिप्लोमा इन स्कूल लीडरशिप एंड मैनेजमेंट तथा डिप्लोमा इन ई.सी.सी.ई. आदि के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। सिटी पीजी डिग्री कॉलेज नगीना के लर्निंग सपोर्ट सेंटर पर परीक्षाएं दिनांक 04 अप्रैल से प्रारंभ होकर 22 अप्रैल तक संचालित हुईं। इस अवसर पर मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से आये पर्यवेक्षक की देखरेख में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराई गईं। यह उल्लेखनीय है कि सिटी पीजी डिग्री कॉलेज नगीना में मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद का लर्निंग सपोर्ट सेंटर पिछले वर्ष स्थापित किया गया था, जिससे क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि सत्र 2026–2027 के लिए सिटी पीजी डिग्री कॉलेज, नगीना के लर्निंग सपोर्ट सेंटर पर प्रवेश शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे।

# हनुमान धाम में आठ वर्षों से लगातार हो रहा सुन्दरकाण्ड का पाठ

मंडावर ( चिंगारी )। प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण स्थित हनुमान धाम में वर्ष 2018 से लगातार हर सप्ताह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। आज इस साप्ताहिक अनुष्ठान के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता उर्फ मोनू तथा अन्य भक्तों ने सुबह हवन–पूजन कार्यक्रम संपन्न किया। इसके बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। नियमित कार्यक्रम के अनुसार सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। पाठ के उपरांत भक्तों को सामान्य प्रसाद के साथ–साथ छोले–चावल का भी प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों की भारी भीड़ रही और सभी भक्ति भाव से ओत–प्रोत दिखे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रामलीला की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। विभिन्न भूमिकाओं में बच्चों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। राम की भूमिका आर्य राजपूत, सीता की भूमिका वैष्णवी शर्मा, लक्ष्मण की भूमिका कान्हा शर्मा, हनुमान की भूमिका मनन गुप्ता ने निभाई। इनके अलावा मयूरी गुप्ता, मंजू गुप्ता, संजू शर्मा, पंडित राजीव, पंडित देशराज, रजनीश शर्मा, चंद्रप्रकाश, प्राणनाथ, कमल गुप्ता, मनोज वर्मा आदि भक्तों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में भक्तों का तांता लगा रहा और सभी ने प्रसाद ग्रहण कर भक्ति में लीन होकर आनंद उठाया। यह साप्ताहिक सुंदरकांड पाठ भक्तों के बीच गहरी आस्था का प्रतीक बन गया है और आगामी वर्षों में भी यह परंपरा निरंतर जारी रहने की उम्मीद है।



मंदिर में हवन करते हुये श्रद्धालु।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 23 अप्रैल 2026**

मेष- आज दिन 3/14 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

मिथुन- चिरवांछित कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुखशांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

कर्क- आज दिन 3/14 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी, शेष समय में निराशाजनक, मित्रों से गलतफहमी दूर होने को।

सिंह- आज दिन 3/14 बजे तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं भाग्य में उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

कन्या- समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद प्रमोद की ओर रुझान।

तुला- दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृश्चिक-आज दिन 3/14 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म अध्यात्म में आस्था।

धनु- आज दिन 3/14 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, साझेदारी के व्यापार में हानि।

मकर- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

कुम्भ- उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सकुशल।

मीन- आज दिन 3/14 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय उन्नतिकारक, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, आर्थिक उन्नति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# सपा में कुनबा बढ़ाने, रालोद में कुनबा एकजुट करने की कवायद

## रालोद प्रमुख चौधरी जयंत ने जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ की बैठक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी जहां कुनबा बढ़ाने में जुटी है,वहीं रालोद ने अपने कुनबे को एकजुट करने की कवायद तेज कर दी है। दो दिन पहले ही सपा ने पीडीए सम्मेलन कर विधानसभा चुनाव की तैयारी के संकेत दिये हैं। दूसरी ओर मंगलवार को नई दिल्ली में रालोद प्रमुख केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह ने जिले के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की है।

प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होना प्रस्तावित है। इसके लिए राजनीतिक दलों ने अभी से तैयारी करनी शुरू कर दी है। सपा की नगर नजर पश्चिम उत्तर प्रदेश पर भी है। पश्चिम के जिलों को रालोद का गढ़ माना जाता रहा है। जिले में सपा नेताओं ने कुनबा बढ़ाने की कवायत तेज की है। हाल ही में मुजफ्फरनगर के सपा सांसद हरेंद्र मलिक के नेतृत्व में पूर्व जिले के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक ने लखनऊ में सपा का दामन थामा था। बाद में सपा कार्यालय पर शक्ति प्रदर्शन भी किया। वहीं रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष व भाजपा नेता राहुल सिंह ने भी मुरादाबाद से सपा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा के साथ लखनऊ पहुंचकर अखिलेश यादव के सामने सपा का दामन थाम लिया। सोमवार को राहुल सिंह ने पीडीए सम्मेलन कर शक्ति प्रदर्शन भी किया।

दूसरी ओर रालोद में कई महीनों से चल रही उठा-पठक से शीर्ष नेतृत्व भी बेचैन है। गौरतलब है कि रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने 31 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बिजनौर सहित मेरठ, मुजफ्फरनगर, अलीगढ़ व बदायूं के जिला अध्यक्ष बदल दिए थे। बिजनौर जिले में आचार्य नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में सदस्यता अभियान से बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ताओं को जोड़ा गया था। नरेंद्र सिंह आचार्य करीब 6 महीने रालोद के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रहे थे, बाद में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह ने उन्हें रालोद प्रमुख के निर्देश पर जिला अध्यक्ष बना दिया था, पर 14



चौधरी जयंत सिंह के साथ बिजनौर जनपद के वरिष्ठ रालोद नेता।

दिन बाद ही संगठन में फेरबदल होने से कार्यकर्ता असहज हो गए थे। वर्तमान में ओमपाल कश्यप रालोद के जिला अध्यक्ष हैं। विगत दिनों प्रदेश संगठन मंत्री राजीव चौधरी तथा मुजफ्फरनगर के पूर्व विधायक राव वारिस ने बिजनौर पहुंचकर रालोद कार्यकर्ताओं से बातचीत की थी। उन्होंने रालोद कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया था कि पूरे घटनाक्रम को चौधरी साहब से अवगत कराया जाएगा। रालोद के शीर्ष नेतृत्व ने बिजनौर में सपा की हलचल तेज होती देख रालोद के कुनबे को एकजुट करने की कवायद फिर से तेज की है। मंगलवार को रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने जिले के रालोद के वरिष्ठ नेताओं के साथ दिल्ली में अपने निवास पर बैठक की। इस बैठक में राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद मुंशीरामपाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व विधायक चौधरी सुखबीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिंह ढाका, प्रदेश महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह सहित कई रालोद के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। माना जा रहा है कि रालोद कुनबे को एकजुट कर जिले में कोई बड़ा कार्यक्रम करेगा। जिले के कई कद्दावर नेताओं पर सपा व रालोद की नजर है। चौधरी जयंत सिंह के साथ हुई जिले के वरिष्ठ नेताओं की मीटिंग के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं।

# परिषदीय विद्यालयः योगी सरकार ने 20 दिनों में ही पूरा किया नवीन नामांकन का एक चौथाई लक्ष्य

## परिषदीय विद्यालयों के नवीन नामांकन ने पकड़ी रफ्तार, 26 प्रतिशत लक्ष्य पूरा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार से संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्रदेश में नवीन नामांकन की प्रक्रिया ने शुरुआती चरण में ही तेज गति पकड़ ली है। अप्रैल माह से गतिशील इस अभियान के अंतर्गत पिछले सत्र में लगभग 34 लाख से अधिक नये नामांकन हुए थे। उसके सापेक्ष इस सत्र में 20 अप्रैल तक यानी मात्र 20 दिनों में ही 8 लाख 79 हजार से अधिक नये बच्चों का नामांकन दर्ज किया जा चुका है। यह परिषदीय शिक्षा को सार्वभौमिक बनाने के प्रति योगी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। सरकारी प्रवक्ता का कहना है कि प्रदेश के लगभग 1.32 लाख से अधिक परिषदीय विद्यालयों में यह अभियान सक्रिय रूप से संचालित हो रहा है। सरकार के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग घर-घर संपर्क, जनजागरूकता और स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान को प्राथमिकता दे रहा है, ताकि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए सार्वभौमिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। योगी सरकार के परिषदीय कक्षाओं पर विशेष फोकस का असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। आंकड़े बताते हैं कि कक्षा 1 और कक्षा 6 में नामांकन की गति सर्वाधिक है। कक्षा 1 में वर्ष




2025-26 के 16,03,833 के सापेक्ष वर्ष 2026-27 में मात्र 20 दिनों में ही 5,29,726 नामांकन दर्ज किए गए हैं, जबकि कक्षा 6 में वर्ष 2025-26 के 10,94,026 के मुकाबले वर्ष 2026-27 में 2,73,621 नामांकन हो चुके हैं। अन्य कक्षाओं में भी नामांकन की प्रक्रिया निरंतर गतिशील है, जहां कक्षा 2 में 28,571, कक्षा 3 में 17,686, कक्षा 4 में 10,772, कक्षा 5 में 8,418, कक्षा 7 में 6,513 तथा कक्षा 8 में 3,302 नामांकन दर्ज किए गए हैं।

### समन्वित प्रयासों से मिले परिणाम, आगे और तेजी की तैयारी

यह उपलब्धि पिछले शैक्षिक सत्र 2025-26 के कुल नवीन नामांकन (लगभग 34 लाख) के सापेक्ष करीब 26 प्रतिशत है। यह अभियान की प्रभावी रणनीति और सशक्त जमीनी क्रियान्वयन से संभव हुआ है। अब शेष लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और अधिक सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। चूंकि यह अभियान जुलाई माह तक संचालित होगा, इसलिए आगामी चरणों में नामांकन को और गति देने के लिए विभागीय अधिकारियों से लेकर शिक्षकों तक समन्वित और सुदृढ़ प्रयास किए जा रहे हैं।

# धर्मान्तरण सनातन को कमजोर करने का कुचक्र : स्वामी दयाराम

## शंकराचार्य आश्रम में मनाया गया आदिगुरु शंकराचार्य जन्म महोत्सव



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** शंकराचार्य आश्रम दंडी बाड़ा मायाकुंड द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव, गुरु चरण पादुका, समाधि पूजन और विराट संत सम्मेलन के साथ बड़े धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत विद्यालयों के छात्रों द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा रचित स्त्रोतों की प्रतियोगिता से हुआ।

संतों के द्वारा बताया गया आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन, विद्वता और सनातन के पुनर्जागरण सहित भारत में चार मठों की स्थापना व अनेक वैदिक ग्रंथों के भाष्य सनातन धर्म को आदिशंकराचार्य की ही कृपा से आज सुलभ है। देवाचार्य स्वामी दयाराम दास जी ने कहा कि आज समाज में हो रहा हिंदुओं का धर्मांतरण सनातन को कमजोर करने का विधर्मियों का कुचक्र है। स्वामी वागीश जी ने कहा कि वर्तमान में युवाओं को आदिगुरु शंकराचार्य जी को अपना आदर्श मानना चाहिए। स्वामी कृष्णाचार्य जी महाराज ने कहा कि प्राचीन काल से केवल वैदिक धर्म ही था जो भगवान नारायण की परंपरा से प्रस्फुटित हैं। स्वामी अखंडानंद जी ने कहा कि आज प्रत्येक घर से एक बालक को सनातन संरक्षण के लिए साधु बनना चाहिए। राजस्थान से पधारे दंडी स्वामी रामानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि धर्म की रक्षा ही सनातनियों का परम ध्येय होना चाहिए। संस्कृत विद्यालयों के छात्रों की आदिगुरु शंकराचार्य जी द्वारा रचित स्त्रोतों की प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार हेमंत थपलियाल, तृतीय पुरस्कार सूरज बडोनी, द्वितीय पुरस्कार रवि शर्मा तथा प्रथम पुरस्कार अंशुमन व्यास ने प्राप्त किया।

आचार्य जितेन्द्र भट्ट एवं आचार्य सुभाष डोभाल के सामूहिक संचालन में हुये इस कार्यक्रम में आश्रम के प्रबंधक केशव स्वरुप ब्रह्मचारी आश्रम के ट्रस्टी संजय शास्त्री, एल पी पुरोहित, शैलेन्द्र मिश्रा, प्रधानाचार्य डॉ. जनार्दन कैरवान, निर्णायक मंडल में आचार्य विनायक भट्ट, डॉक्टर कमल डिमरी, आचार्य रामकृष्ण पोखरियाल, राज्य मंत्री गिरीश डोभाल, स्वामी सुनील भगत, महंत जगदीश प्रपन्नाचार्य, दमोदर दास, रमाबल्लभ भट्ट, सुशीला सेमवाल, रीना उनियाल, इन्दिरा आर्य, डॉ. ओम प्रकाश पूर्वाल, राजेन्द्र पाण्डेय, नरेश उनियाल, आचार्य शिव प्रसाद सेमवाल, गंगा राम व्यास, मणिराम पैन्यूली, विजय जुगलान, नवीन भट्ट, सुधीर राय, नरेन्द्र सिंह नेगी, महिशानंद गिरि, सुनील सेमवाल, संदीप शास्त्री, आचार्य शुभम नौटियाल, आचार्य सूरज विजल्वाण, सुरेश पंत, दिनेश चन्द मास्टर, शंकर भट्ट आदि उपस्थित थे।

# बुद्धा पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों में कोई लापरवाही सहन नहीं : महापौर

## कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने बुद्धा पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे पथवे निर्माण, हरित क्षेत्र, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जल निकासी प्रणाली का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कहा कि बुद्धा पार्क क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां नागरिकों को स्वच्छ, हरित एवं शांत वातावरण प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पार्क में बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है, जिससे यह स्थान सामाजिक एवं पारिवारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्क का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सुव्यवस्थित एवं आकर्षक पार्क उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त पीएल शाह और सह नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# डीएवी स्कूलों के संस्थापक महात्मा हंसराज की मनाई गई जयंती

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालयों के संस्थापक व आर्य समाज के प्रमुख नेता शिक्षाविद महात्मा हंसराज की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन किया गया। तत्पश्चात छात्रों ने महात्मा हंसराज के जीवन पर आधारित भाषण प्रस्तुत किया, वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने महात्मा हंसराज व उनके सहयोगी लाला लाजपत राय, गुरुदत्त और नरेंद्र नाथ का स्वरूप धारण कर उनके विचारों को प्रस्तुत किया। धर्मशिक्षक हरिश्चंद्र शास्त्री ने कहा कि यह हंसराज जैसे महान तपस्वी के तप का ही फल है कि देश-विदेश में डीएवी विद्यालय एवं महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने कहा कि शिक्षा के प्रचार-प्रसार और समाज के कल्याण में शिक्षाविद हंसराज का योगदान अतुलनीय है, जिसे हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में रोवर्स व रेंजर इकाई का तीन दिवसीय बिगनर्स कोर्स हुआ आरंभ

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स व रेंजर इकाई का तीन दिवसीय बिगनर्स कोर्स आरंभ हो गया है। कोर्स का आरंभ करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर डीएस नेगी ने सभी रोवर्स/रेंजर को शुभकामनायें प्रेषित की। रेंजर्स प्रभारी डॉ सुषमा भट्ट थलेड़ी ने आगामी तीन दिवसों की गतिविधियों से समस्त रोवर्स व रेंजर्स को अवगत कराया। प्रशिक्षक शांति रतूड़ी ने कहा कि रोवर्स/रेंजर्स विश्व व्यापी संगठन है जो वसुधैव कुटुंबकम की भावना से प्रेरित होकर कर्तव्य पालन की शिक्षा देता है। अन्य प्रशिक्षक रूप चंद्र लखेड़ा ने स्काउट गाइड के चिन्हों से अवगत कराते हुये स्काउट गाइड के जनक बेडन पावेल के जीवन परिचय से रोवर्स व रेंजर्स को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रोफेसर रमेश चंद चौहान, प्रोफेसर राखी डिमरी, डॉ. सुरभि मिश्रा और डॉ. जे.सी. भट्ट सहित समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 24 को होगी ताड़केश्वर बाबा की पूजा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जयहरीखाल ब्लॉक स्थित ताड़केश्वर बाबा की ग्रीष्मकालीन पूजा इस बार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में रविवार 24 मई को होगी। यह जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित वीरेंद्र सकलानी ने बताया कि इस दिन क्षेत्रीय जनता अपनी उपज के अग्रांश को अग्याल के रूप में बाबा को अर्पित करते हैं। इसके बाद ही नई उपज का उपभोग करने की परंपरा रही है।

# भागवत का फल स्वयं भगवान हैं : आचार्य रमेश



## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रायवाला कौटिल्य वाटिका वैडिंग प्वाइंट प्रतीत नगर में दिव्य कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय भागवत कथा प्रारंभ हो गई । नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज के सानिध्य में सोमेश्वर महादेव मंदिर से 1100 महिलाओं ने दिव्य जल कलश सिर पर धारण कर प्रतीत नगर की समस्त गलियों में होते हुए पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास कथास्थल कौटिल्य वाटिका में सजे भव्य पाण्डाल में प्रवेश किया जहां वेदपाठी ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन मंत्रों के साथ श्री भागवत महापुराण एवं कलशों की विधिवत पूजा कर स्थापना की। व्यासपीठ पर विराजमान भागवत भूषण आचार्य रमेश उनियाल ने प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत का फल स्वयं भगवान है। मानव जीवन ईश्वरीय अनुग्रह है। यह धर्म की सिद्धि, अस्तित्व के जागरण और सत्य की प्राप्ति के लिए हमें मिला है। चिर स्थायी सुख भौतिक सुखों या क्षणिक आनंदों में नहीं, बल्कि सत्य, विवेक, त्याग, सेवा, सत्संग, और शुभ संकल्पों में निहित है। सत्य केवल शब्द नहीं, बल्कि आत्मा की अभिव्यक्ति है। सत्य बोलना मात्र नैतिकता का पालन नहीं है, यह जीवन जीने की आध्यात्मिक विधि है। सत्य हमें भीतर से निर्भय बनाता है। झूठ बोलने वाला व्यक्ति कभी भी सफलता और सम्मान का आनंद नहीं ले सकता है। मन को साधना वास्तव में कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। मन हमारी सभी अवस्थाओं का कारण है, और यह हमारे पतन और उन्नति दोनों का कारण बन सकता है इस अवसर पर साध्वी मां देवेश्वरी, कथा आयोजक श्रीमती रजनी घिल्डियाल चंदोला, सोमेश्वर, श्रीमती रोशनी कुकरेती, रवि कुकरेती, सुभागा देवी, रेखा पंत, रमा कुकसाल, कमलेश झा, मधु धस्माना, आरती बिष्ट आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# सड़क पर निकलकर सपा व कांग्रेस का बैंड बजा रही हैं यूपी की आक्रोशित बहनें- पाठक

**लखनऊ ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर विपक्ष के षड्यंत्र के विरोध में मंगलवार को लखनऊ में 'जन आक्रोश पदयात्रा' में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, पंचायती राज्यमंत्री ओमप्रकाश राजभर, राज्यसभा सांसद अरुण सिंह और केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी समेत हजारों महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सभी ने एक सुर में कहा कि 17 अप्रैल को संसद में यह बिल पास होने वाला था लेकिन कांग्रेस और सपा ने न सिर्फ इसका विरोध किया, बल्कि मतदान में इसे गिराने के बाद तालियां बजाकर खुशी मनाई। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों का हनन बताया और कहा कि 2027 के चुनाव में इन दलों को महिला आक्रोश का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने तो यहां तक कहा कि इंडी एलाइंस अब एंटी-वुमेन एलाइंस साबित हो चुका है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि आज



प्रदेश की महिला शक्ति सड़कों पर है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की दुरभि संधि और संकीर्ण मानसिकता के कारण नारी शक्ति वंदन अधिनियम को संसद में रोकने का काम किया गया है। आज उत्तर प्रदेश की आक्रोशित बहनें सड़क पर निकलकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का बैंड बजाने का काम कर रही हैं। इन पार्टियों को आने वाले चुनावों में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हम सब अच्छी तरह जानते हैं कि समाजवादी पार्टी की सरकार जब-जब प्रदेश में होती है, गुंडे-बदमाश खुलेआम बहन-बेटियों को परेशान करने का काम करते हैं। इसीलिए नारे लगते हैं, 'देख सपाई-बिटिया घबराई'। वक्त है कि सब एकजुट होकर सपा व कांग्रेस को महिला शक्ति का अहसास कराएं। मां दुर्गा, मां काली, मां सरस्वती बनकर विपक्षियों को सबक सिखाएं।

## महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे- केशव प्रसाद मौर्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ होना है। 2027 में बिना महिलाओं के कोई चुनाव जीत सकता है क्या? अगर महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया गया, तो सपा-कांग्रेस को आने वाले चुनाव में कोई वोट नहीं मिलेगा। इसके लिए तैयार हो जाइए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि हम हिम्मत नहीं हारेंगे। हम महिलाओं को आरक्षण दिलाकर रहेंगे। इसी संकल्प के साथ हमें यहां से जन आक्रोश मार्च निकालना है। राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने कहा कि 17 अप्रैल के दिन देशभर की महिलाओं के मन में एक आकांक्षा थी कि आज जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर निर्णय होगा, तो वह हमारे पक्ष में होगा। वे उत्सव मनाएंगी, खुशियां मनाएंगी और यह दिन देश के इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। लेकिन कांग्रेस व सपा ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधन का विरोध किया और उसके विरुद्ध मतदान किया। उन्होंने सिर्फ विरोध ही नहीं किया, बल्कि नारी अधिकारों का हनन करने के बाद तालियां भी बजाईं।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा और कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री आज करेंगे समीक्षा बैठक

**लखनऊ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह अलर्ट है। इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार रात नौ बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ व्यापक समीक्षा करेंगे। परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ कानून व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री महत्वपूर्ण निर्देश देंगे। बैठक में प्रदेश के सभी अपर पुलिस महानिदेशक (जोन), पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, आईजी, डीआईजी रेंज, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक और जिला विद्यालय निरीक्षक समेत संबंधित अधिकारी शामिल होंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, अभ्यर्थियों की सुविधा और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता में है।











